हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

13 संतोषीनगर बोरियाखुर्द में अवैध कब्जे पर चला...

14 छत्तीसगढ़ में कृषि भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण...


## खबर संक्षेप

### देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



रायपुर। उरला थाने की पुलिस ने एक शराब कोचिया के कब्जे से सात हजार रुपए से ज्यादा कीमत की 13 लीटर 72 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने घेराबंदी कर बिरगांव निवासी राजा देवांगन के कब्जे से देशी शराब जब्त की है। राजा अलग-अलग शराब दुकानों में घूम कर देशी शराब खरीद कर बिक्री करने ले जा रहा था।

### किसान से दो हजार की लूट

रायपुर। देवेंद्र नगर थाने में एक किसान ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दो हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंदु पाल ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। इंदु ने पुलिस को बताया है कि वह कोर्ट के काम से दुर्ग से लौटा था। रेलवे स्टेशन टिकट काउंटर के पास दो लड़कों ने इंदु को इशारा कर अपने पास बुलाया और इंदु को स्टेशन में चोरी होने की बात कह कर किराए के ऑटो में अपने साथ ले गए। सिटी सेंटर के पास दोनों लड़के इंदु को ऑटो से उतारकर चाकू दिखाते हुए दो हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए।

### हरिभूमि के संवाददाता की 25 हजार की चोरी


रायपुर। टिकरापारा थाना में हरिभूमि के संवाददाता ने अज्ञात के खिलाफ 25 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिंगेश्वर निवासी भुनेश्वर साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया है कि पचपेड़ी नाका के पास वह बस से उतरकर हरिभूमि ऑफिस आ रहा था। इस दौरान वह ऑटो में सवार हुआ। ऑटो चालक ने बीच रास्ते में ऑटो खराब होने की बात कह कर उसे ड्रॉप कर दिया। रास्ते में भुनेश्वर ने अपनी जेब चेक की, तो उसे पता चला कि ऑटो में सवार ऑटो चालक के परिचित ने उसकी जेब से रुपए चोरी कर लिया है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर साढ़े 17 लाख की ठगी



रायपुर। सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने अन्य के खिलाफ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लैब असिस्टेंट की नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े 17 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार साहू ने छोटे लाल यादव के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि छोटेलाल ने उसे तथा अन्य को विश्वविद्यालय प्रबंधन तथा अफसरों से पहचान होने का झांसा देकर जनवरी में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की है।

### साइड नहीं देने के विवाद पर मारपीट



रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक युवक ने एक अज्ञात कार चालक के खिलाफ साइड नहीं देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छोटापारा निवासी इशान भादुड़ी ने कार जीजे 07 डीई 7986 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। इशान ने पुलिस को बताया है कि शंकर नगर सिग्नल के पास संबंधित कार के चालक ने उस पर साइड नहीं देने का आरोप लगाकर मारपीट की है।

# बस्ते में होगी सिर्फ 4 विषयों की किताबें, आधा लीटर से अधिक की पानी बोतल अब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक्सक्लूसिव

छात्रों को बस्ते के बोझ से राहत दिलाने अब नई व्यवस्था की जा रही है। जिला और ब्लॉक स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है जो नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के स्कूली बच्चों के बस्तों की जांच करेगी। किसी भी कक्षा के बस्ते में चार से अधिक विषयों की पुस्तकें अथवा कॉपियां नहीं होनी चाहिए। निजी स्कूलों को अपने कालखंडों का निर्धारण इस प्रकार करना होगा कि एक दिन में सिर्फ चार विषयों की किताबों का ही अध्ययन किया जाए। इन चार विषयों की किताबों के अलावा अतिरिक्त वर्कबुक अथवा अन्य चीजें बस्ते में नहीं रहेंगी। किसी भी स्थिति में छात्रों के बस्ते का भार 3 से 4 किलो के मध्य ही होना चाहिए। शासकीय विद्यालय केवल पापुनि की किताबों से ही अध्ययन करवाते हैं, इसलिए अधिक भार की शिकायतें यहां प्राप्त नहीं होती हैं। निजी स्कूलों में जहां बच्चों पर प्रतिवर्ष थोक में किताबें थोपी जाती हैं, वहां बस्ते के अधिक भार की स्थिति सामान्य है। निजी स्कूलों में बस्तों के बोझ को लेकर हर वर्ष शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। बार-बार चेतावनी और दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बाद भी निजी स्कूल इस दिशा में विशेष ध्यान नहीं देते हैं। यही नहीं अधिक वजन के कारण होने वाली स्वास्थ्यगत दिक्कतों में भी वृद्धि हुई है। पालकों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में इसे लेकर कई बार शिकायतें भी पालकों द्वारा की गई हैं।

## बस्तों का बोझ जांचने बनी कमेटी, तय मानकों से अधिक हुआ वजन तो नपेंगे स्कूल

### स्कूल ही उपलब्ध कराएंगे किताबें

यदि निजी स्कूलों को एक दिन में चार से अधिक विषयों का अध्ययन-अध्यापन कराना है तो अतिरिक्त विषयों के लिए किताबों की व्यवस्थाएं उन्हें स्वयं करनी होगी। इसके लिए स्कूल में ही छात्रों की किताबें रखवाई जाएंगी अथवा इसके लिए पृथक पुस्तकों का बंदोस्त ▶▶ शेष पेज 13 पर



### करेंगे स्वच्छ पानी की व्यवस्था

कई स्कूलों में छात्रों के लिए साफ पानी की व्यवस्था नहीं होती है। ऐसे में पालक बच्चों को 1 से 1.5 लीटर तक की पानी बोतल साथ देते हैं। इससे भी छात्रों के बस्ते का बोझ बढ़ जाता है। स्कूल प्रबंधन को बच्चों के लिए साफ पानी की व्यवस्था करनी होगी। छात्र 500 मिमी की बोतल ही लेकर स्कूल जाएंगे, जिन्हें रीफिल करना स्कूलों की जिम्मेदारी होगी।

### बस और स्कूल के बाहर जांच

छात्रों के बस्ते की जांच स्कूलों में नहीं होगी। इसके स्थान पर बस में, स्कूल आने-जाने के रास्ते में अथवा स्कूल गेट के बाहर जांच की जाएगी। ऐसा इसलिए ताकि स्कूल के अंदर जांच होने पर किसी तरह की लीपा-पोती प्रबंधन ना कर सके। जांच टीम में शामिल सदस्यों को वजन मापने की मशीन भी दी जाएगी, जिसकी सहायता से वे बस्तों का भार मापेंगे। जिस किसी निजी स्कूल के छात्रों के बस्ते का भार निर्धारित मानक से अधिक होगा, उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सदस्यों ने एक-एक गांव की मांगी रिपोर्ट

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में फिर गरमाया जल जीवन मिशन का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में एक बार फिर जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने संबंधित किए गए कार्यों का मुद्दा सदस्यों ने जोरशोर से उठाया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु, वतन चंद्राकर, यशवंत साहू सहित कई सदस्यों ने जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों की स्थिति की जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारी से मांगी। अधिकारी ने बताया कि जिले में जिन भी ग्रामों में योजना के तहत कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं, वहां दिसंबर 2025 तक पूर्ण हो जाएगा, वहीं शत प्रतिशत ग्रामों में 31 मार्च 2026 तक पानी आना शुरू हो जाएगा। इस पर उपाध्यक्ष सहित कई सदस्यों ने आपत्ति जताई और कहा कि अभी तक 50 प्रतिशत ग्रामों में कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं, वहीं जहां कार्य पूर्ण हुए हैं, उन गांवों में भी पानी नहीं मिल रहा है। इसे लेकर सदस्यों के साथ बैठक में मौजूद विधायक अनुज शर्मा एवं गुरु खुशवंत साहेब ने विभाग को जिला स्तर पर एक समिति बनाकर एक-एक गांव की जांच कर उसकी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने समिति में ब्लॉक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सदस्यों को भी शामिल करने कहा है।

### 12 गांवों के लिए बजट नहीं, समय-सीमा में कार्य होना मुश्किल

बैठक में पीएचई विभाग की महिला अफसर ने सदन को जानकारी दी कि जिले में ऐसे 12 गांव भी हैं, जहां जल जीवन मिशन के तहत कार्य होने हैं, लेकिन इसके लिए बजट ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इन ग्रामों में समय-सीमा तक कार्य हो पाना मुश्किल है। इस पर सदन ने अफसर से इन 12 गांवों की सूची मांगी, साथ ही कहा कि इन गांवों के लिए बजट स्वीकृत कराने प्रस्ताव बनाकर भेजा है। इस पर अफसर ने बताया कि प्रस्ताव जा चुका है, लेकिन स्वीकृति मिल नहीं पाई है।

## योग अभ्यास में सांग जीना है तो पीना है... स्कूल प्राचार्य को सस्पेंड करने की मांग

- जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मुद्दा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को अभनपुर और नयापारा के बीच ग्राम मानिकचौरी हसदा शासकीय स्कूल में योग अभ्यास के दौरान चलाए जा रहे सांग जीना है तो पीना है, 24 इंच का सीना है, पैसा है तो कटरीना और करीना है का मुद्दा उठा। जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने शिक्षा विभाग के एजेंडे पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए स्कूल के प्राचार्य को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। यशवंत साहू ने मानिकचौरी हदसा शासकीय स्कूल में योगा अभ्यास के दौरान बच्चों को योग का अभ्यास कराने के दौरान चलाए गए इस सांग को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए पालक भेजते हैं, लेकिन इस स्कूल में शराब पीने को जीने का तरीका बताया और सिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग अभ्यास के दौरान इस सांग में बच्चों के योग अभ्यास का विडियो भी वायरल हुआ है, जिससे स्कूल के साथ गांव की भी बदनामी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल के ऐसे प्राचार्य को तत्काल हटा देना चाहिए। उन्होंने सदन के माध्यम से स्कूल प्राचार्य को निलंबित करने की मांग की।



### अलग पोशाक में नजर आए यशवंत साहू

सामान्य सभा की बैठक में यशवंत साहू अलग पोशाक में नजर आए। खरीफ सीजन में अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सोसाइटियों में खाद एवं डीएपी की किल्लत से किसानों पर पड़ा असर का विरोध करते वे सफेद रंग का कुर्ता पहने हुए थे, जिसमें लिखा था कि किसान पर खाद डीएपी की मार कहा है सरकार। मैं किसान हूं, खाद डीएपी के लिए परेशान हूं। यशवंत साहू ने बैठक के शुरू होते ही सबसे पहले इस मुद्दे को उठाते हुए सदन में अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि किसानों को महंगे दाम चुका कर बाजार से खाद डीएपी खरीदना पड़ रहा है। किसानों को तत्काल खाद डीएपी उपलब्ध कराया जाए।

### आगामी बैठक में पेश की जाएगी रिपोर्ट घिरने के भय से नहीं पहुंचे अफसर

रेडक्रास भवन में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विभागों के एजेंडों पर चर्चा हुई। सबसे पहले जल जीवन मिशन योजना के एजेंडे पर चर्चा हुई। इस एजेंडे पर डेढ़ माह पूर्व हुई बैठक में भी चर्चा हुई थी, जिसमें जिला पंचायत के सदस्यों सहित विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब ने भी पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन को घेरा था। अफसर ने सदन में योजना के तहत किए गए कार्यों की जो जानकारी रखी थी, उसे लेकर सदस्यों ने भारी नाराजगी जताई थी। सदस्यों ने आरोप भी लगाया था कि वे सदन में गलत जानकारी दे रहे है। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### प्राइवेट और शासकीय स्कूलों के साथ शिक्षकों की कमी का उठा मुद्दा

बैठक में प्राईवेट स्कूलों में एडमिशन, पढ़ाई के नाम जारी लूट के साथ शासकीय स्कूलों में पुस्तकों एवं शिक्षकों की कमी के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। उपाध्यक्ष संदीप यदु ने प्राइवेट स्कूलों में लूट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिले में बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में एडमिशन एवं शुल्क के नाम पर मोटी रकम पालकों से वसूला जाता है, लेकिन शिक्षा नियमों के तहत बच्चों को स्कूल में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह दी नहीं जाती है। ऐसे स्कूलों पर लगाम लगाने तथा ▶▶ शेष पेज 13 पर

### इन विभागों के एजेंडों पर भी हुई चर्चा

बैठक में खाद्य विभाग, कृषि, पीडब्ल्यूडी विभाग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के एजेंडों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों के अलावा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## माशिम की अंतिम प्रावीण्य सूची जारी

# दसवीं में 8 और बारहवीं में मात्र 3 नए नाम जुड़े

- 7 मई को घोषित अस्थायी सूची में दसवीं में 85 और बारहवीं में 19 छात्रों थे शामिल
- अब दसवीं की मेरिट लिस्ट में 93 और बारहवीं में 21 नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के नतीजे घोषित करने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की स्थायी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 8 और बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 3 नए नाम जुड़े हैं। स्थायी सूची माशिम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के नतीजों की घोषणा 7 मई को की गई थी। उस दौरान हाईस्कूल और हायरसेकंडरी की अस्थायी मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। इस अस्थायी मेरिट लिस्ट में दसवीं कक्षा में 85 तथा बारहवीं कक्षा में 19 छात्रों के नाम थे। स्थायी मेरिट लिस्ट में दसवीं कक्षा में 93 तथा बारहवीं कक्षा में 21 नाम हैं।

### 5.68 लाख छात्र हुए थे शामिल

इस बार बारहवीं कक्षा के नतीजे भी रिकॉर्डतोड़ रहे थे। बारहवीं कक्षा में 81.87 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे, जबकि दसवीं कक्षा में 76% छात्र सफल हुए थे। 12वीं कक्षा की परीक्षा में 2.40 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। दसवीं की परीक्षा में 3.28 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। एक मार्च से परीक्षाएं प्रारंभ हुई थीं। नए नाम जुड़ने के बाद भी पूर्व में सूची में जगह प्राप्त छात्रों को बाहर नहीं किया गया है। माशिम द्वारा टॉपर्स को दी जाने वाली सहायता राशि सहित अन्य सम्मान का लाभ पुराने छात्रों के साथ ही सूची में शामिल नए विद्यार्थियों को भी मिलेगा। नई मेरिट लिस्ट माशिम की आधिकारिक वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

# हॉटल, ढाबा और रेस्टारेंट में मांगे बगैर बोतलबंद पानी परोसना पड़ेगा महंगा, जुर्माना के साथ सीलबंदी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार



शुद्ध और निःशुल्क पेयजल नागरिकों का अधिकार है। इसके बाद भी यदि हॉटल, ढाबा, रेस्टारेंट, कैफे में आपसे बिना मांगे बोतलबंद पानी परोसकर पैसे लिया जा रहा है, तो आप बेहिचक इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह शिकायत जिला सेंटर नंबर 9977225564 पर की जा सकती है, इस पर कार्रवाई होगी। इसकी अवहेला करने वाले संबंधित हॉटल, ढाबा और रेस्टारेंट सहित संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान को सील कर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

शहर में बिना मांगे बोतलबंद पानी परोसने की परिपाटी पर रोक लगाने नगर निगम ने सभी 10 जोन में वॉटर फॉर आल अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद शहर के हर हॉटल, रेस्टारेंट, ढाबा, कैफे और अन्य खाद्य प्रतिष्ठान में ग्राहकों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बोतल बंद पानी तब परोसा जाए, जब ग्राहक स्वयं इसका अनुरोध करे। यानी अब बोतलबंद पानी की ग्राहकों के लिए बाध्यता नहीं रहेगी। निगम क्षेत्र में हर नागरिक को हॉटल, रेस्टारेंट, ढाबा, कैफे सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में ग्राहक के रूप में जाने पर गैर बोतलबंद निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निवेश उड़नदस्ता एवं निगम जोन नगर निवेश की टीमों ने जनजागरण के लिए स्टीकर लगाना प्रारंभ कर दिया है। इस अभियान की शुरुआत शहर के बैजनाथपारा के हॉटल हैदराबाद, हॉटल नूरजहां, नूरजहां प्राइम, मालवीय रोड स्थित मद्रासी हॉटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों से की गई है। निगम प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि चेतावनी के बाद भी इसकी अवहेलना करने वाले दोषी हॉटल, रेस्टारेंट और ढाबों को सील कर जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर निगम के इस अभियान से जहां बोतलबंद पानी के अनावश्यक उपयोग में कमी आएगी, वहीं प्लास्टिक का कचरा कम कर पर्यावरण को शुद्ध रखने मदद मिलेगी।

### समस्या का मूल यह

समस्या इस तरह है कि लोग हॉटल या रेस्टारेंट में परिवार या ईष्ट मित्रों के साथ जब खाना खाने जाते हैं, तो ज्यादातर हॉटल, ढाबे, रेस्टारेंट, कैफे सहित खाद्य प्रतिष्ठानों में बिना पूछे उनके सामने बोतलबंद पानी रख दिया जाता है। निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था न होने के कारण मजबूरी में लोग इसे पैसा देकर खरीदते हैं, कई बार सामाजिक लोकलाज या संकोच के कारण ग्राहक इसका विरोध भी नहीं करते, लेकिन नियम स्पष्ट है कि हर प्रतिष्ठान को अपने ग्राहकों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराना होगा और बोतलबंद पानी तभी देना चाहिए, जब ग्राहक स्पष्ट रूप से इसकी मांग करे।

# सूर्यकांत तिवारी का जेल शिफ्टिंग आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोल घोटाला, मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी के अनुचित व्यवहार के कारण केंद्रीय जेल रायपुर प्रशासन ने ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में अंबिकापुर जेल शिफ्ट करने आवेदन पेश किया था। जेल प्रशासन ने 22 जुलाई को पत्र तैयार कर कोर्ट में 23 जुलाई को पेश किया था। जेल प्रशासन के आवेदन को स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जेल प्रशासन के आरोपों के मुताबिक सूर्यकांत जेल में उत्पात मचाता है और किसी भी कार्रवाई में सहयोग नहीं कर रहा।



जेल प्रशासन ने कोर्ट को बताया है कि 20 जुलाई को जब जेल प्रशासन की टीम जांच के लिए उसके बैरक में पहुंची, तो उसने न केवल जांच में सहयोग नहीं किया, बल्कि दुर्व्यवहार भी किया। इससे पहले भी सूर्यकांत के दुर्व्यवहार की कई शिकायतें मिलती रही हैं। जेल प्रशासन का कहना था कि जेल की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूर्यकांत को किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया है। इसी के तहत कोर्ट से अंबिकापुर जेल में ट्रांसफर की अनुमति मांगी गई थी।

# स्वतः उगने वाली खेक्सी की अब होगी खेती

## स्वतः उगने वाला पौधा माना जाता है खेक्सी, अब इसकी खेती कर सकेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आने वाले दिनों में खेक्सी आपको कम कीमत में और बारह माह मिल सकती हैं। इसके लिए कृषि विवि द्वारा खास किस्म के पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधों को अब किसानों को खेती के लिए दिया जाएगा। प्रयोग सफल होने पर बड़े पैमाने पर प्रदेश में खेक्सी की पैदावर हो सकेगी। सामान्यतः खेक्सी को स्वतः उगने वाला पौधा माना जाता है। खेक्सी के बीज से पुनः पौधे उगाने पर विशेष फल की प्राप्ति नहीं होती है। इस कारण किसानों द्वारा इसकी खेती नहीं की जाती है। स्वतः उग आए पौधे से प्राप्त हुए फसल की ही बिक्री बाजार में होती है। चूंकि इनकी मात्रा अत्यंत कम होती है, इसलिए खेक्सी की कीमतें भी आसमान छूने वाली होती है। इस वर्ष खेक्सी की कीमतें 50 रुपए पाव से अधिक ही रही। इसके अलावा यह मौसम विशेष में ही मिलता है।



### भाटापारा अनुसंधान केंद्र में प्रयोग

शुरुआती चरण में प्रयोग के बाद खेक्सी के पौधों के कई कार्टून तैयार किए गए हैं। एक कार्टून में खेक्सी के 250 पौधें हैं, जिनका वजन 5 किलो है। इनकी कीमत 7500 रुपए है। डीकेएस कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा द्वारा इसे तैयार किया गया है। इनकी खेती करने पर किसानों को यदि अच्छी फसल प्राप्त होती है तो आगे इसे दूसरे कृषकों को भी वितरित किया जाएगा। अन्य राज्यों में इसे ककोड़ा भी कहा जाता है, लेकिन छग में खेक्सी नाम से ही यह प्रचलित है। इसके पैक्ड प्लांटिंग मटेरियल का कृषि विवि के कुलपति ने बुधवार को उद्घाटन किया। कृषि विवि प्रबंधन के मुताबिक, डॉ. एचएल सोनबोइर के नेतृत्व में यह प्रयोग किया गया है। अन्य राज्यों में पहले से ही इसकी सफल खेती हो रही है। छग की जलवायु और मृदा को देखते हुए यहां के लिए भी विशेष पौधे तैयार किए गए हैं।

# 13 हजार लीटर से ज्यादा नकली इंजन ऑयल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने दिल्ली के एक इंजन ऑयल कंपनी की शिकायत पर प्रोफेसर कालोनी के एक मकान में छापा मारकर 48 लाख रुपए कीमत का 13 हजार लीटर से ज्यादा नकली इंजन ऑयल जब्त किया है। कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने ऑयल बेचने वाले के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। न्यू दिल्ली स्थित लांसर रिस्क कस्टलटिंग कंपनी के इन्वेस्टिगेटर आफिसर यश राज सिंह तोमर की शिकायत पर पुलिस ने प्रोफेसर कॉलोनी निवासी बबलू दास के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। यश राज ने पुलिस को बताया है कि उनकी इन्वेस्टिगेटर टीम ने बबलू दास के ऑफिस की जांच की। जांच में बबलू के ऑफिस में कंपनी के वोल्वोलाइन ब्रांड का नकली इंजन ऑयल मिला। कंपनी अपने इंजन ऑयल के ▶▶ शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस में मंडल व सेक्टर समिति गठन में आई तेजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंडल व सेक्टर कमेटी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसका गठन 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के ब्लाक प्रभारी द्वारा इसका कार्य तेजी से शुरू हो गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस सृजन के तहत 3 वार्ड भक्त माता कर्मा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वामन राव लाखे वार्ड में सेक्टर एवं मंडल बनाने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व विधायक और अन्य पदाधिकारियों से चर्चा की समिति गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में गिरीश दुबे, आकाश तिवारी, प्रशांत ठेगडी, दिनेश ठाकुर, उत्तम साहू, उत्तम देवांगन, सतनाम सिंह पनाग, ब्रह्मा सोनकर आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का प्रशिक्षण



**रायपुर।** रायपुर जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने एवं जीवन रक्षक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को मल्टीलेवल पार्किंग रायपुर में प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की 42 आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों ने भाग लिया, जिन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक प्रबंधक देव प्रकाश कुर्रे ने सीपीआर की तकनीक, प्राथमिक उपचार के सिद्धांत और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की विधियों का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षण दिया।

### महिला सुपरवाइजरों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



**रायपुर।** जिले में प्रोजेक्ट दक्ष हम होंगे स्मार्ट कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में सभी विभागों के कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर को कंप्यूटर एवं मोबाइल के मूलभूत उपयोग, डेटा की गोपनीयता, डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन, ईमेल संचालन तथा एमएस ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण टूल्स की जानकारी दी प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मल्टीलेवल पार्किंग स्थित बीपीओ सेंटर में मास्टर ट्रेनर्स की मदद से चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन दो पालियों में 25-25 प्रतिभागियों के बैच बनाकर ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के समापन पर मूल्यांकन किया जाएगा एवं सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### वृंदावन हॉल में सम्मान समारोह 3 को

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के अवसर पर लाहोटी मित्र मंडल की ओर से 50 वर्ष वैवाहिक जीवन पूर्ण कर चुके 72 दंपतियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में 3 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के संस्थापक व संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि छग के विभिन्न जिलों से चिन्हांकित किए गए ऐसे दंपत्ति जिनका विवाह सन 1975 के पूर्व हुआ है तथा वे अपने सफल वैवाहिक जीवन का स्वर्ण जयंती मना चुके है ऐसे 72 जोड़ों को सम्मानित किया जाएगा।

# फिल्टर प्लांट का जल शुल्क 5 साल में 130 करोड़ बकाया, निगम का बिजली बिल 200 करोड़ लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अपने फिल्टर प्लांट के 5 साल का जल शुल्क भुगतान नहीं कर पाया है। सिंचाई विभाग से शहर के 70 वार्डों के लिए गंगरेल डेम से रॉ वाटर के रूप में जल शुल्क का 130 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह निगम के 3 एसटीपी, फिल्टर प्लांट, मुख्यालय, जोन कार्यालय, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य स्थानों के बिजली बिल का बकाया 200 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। बिजली विभाग को नगर निगम ने पिछले 4 साल से बिल का भुगतान नहीं किया है।

- राज्य शासन को लिखा पत्र, 330 करोड़ रुपये के समायोजन की मांग
- सिंचाई विभाग से शहर के लिए गंगरेल से उधार में ले रहे पानी



ऐसे में अब जलशुल्क और बिजली बिल के बकाया राशि के भुगतान के लिए 330 करोड़ की राशि का समायोजन करने राज्य शासन को पत्र लिखा गया है। नगर निगम के पास सिंचाई विभाग को जल शुल्क का बकाया राशि का भुगतान करने पैसे नहीं हैं। पांच साल में जल शुल्क की बकाया राशि 130 करोड़ रुपये तक जा पहुंची है, जबकि नागरिकों से संपत्ति कर के साथ जल शुल्क की राशि हर साल समय पर वसूल की जा रही है। सिंचाई विभाग को गंगरेल डेम से शहर की पेयजल आपूर्ति के एवज में लंबित राशि का भुगतान किया जाना है। विदित हो कि निगम के जल विभाग ने शहर की पेयजल आवश्यकता को ध्यान में रखकर सतत जल आपूर्ति के लिए सिंचाई विभाग के साथ 15 साल का एग्रीमेंट कर रखा है।

### बिजली बिल की बकाया राशि 200 करोड़ प्लस

*सूत्रों के मुताबिक नगर निगम विद्युत विभाग को पिछले 4 साल से फिल्टर प्लांट, स्ट्रीट लाइट, मुख्यालय, जोन सहित अन्य स्थानों के बिजली देयक का भुगतान नहीं कर पाया है। बिजली बिल के रूप यह बकाया राशि 200 करोड़ रुपये प्लस तक पहुंच गयी है। ऐसे में निगम के वित्त महकमे ने राज्य शासन को बिजली बिल की बकाया राशि और फिल्टर प्लांट के जल शुल्क के बकाया राशि भुगतान के लिए 330 करोड़ रुपये की मांग से अवगत कराते हुए संबंधित विभाग में उक्त राशि समायोजन के लिए पत्र भेजा है।*

## सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का भी हो रहा कार्य

# खनन विकास मॉडल से बदली गांवों की तकदीर, डीएमएफ से साढ़े 11 हजार करोड़ के एक लाख से ज्यादा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने खनन को गांवों की तस्वीर और लोगों की तकदीर बदलने का जरिया बना दिया है। यहां के खनन प्रभावित इलाकों में पहले जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, अब यहां शुद्ध पेयजल, स्कूल, अस्पताल, सड़क, बिजली, सिंचाई और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं के साथ सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण का कार्य भी हो रहा है।

अब तक छत्तीसगढ़ में एक लाख एक हजार 313 विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इन पर 11 हजार 496 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

### छोटी से लेकर बड़ी परियोजनाओं पर काम

खनिज विकास फंड से खनन प्रभावित क्षेत्रों की छोटी छोटी स्थानीय जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। सड़क, पुल-पुलिया से लेकर रेल परियोजनाओं जैसी विकास योजनाओं में भी खनिज विकास फंड सहभागी हो रहा है।



### मुख्यमंत्री साय बोले- विकास का नया उजाला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद ही कहा है कि सतत विकास कार्यों से आ रहा बदलाव खनन प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में भी एक नया उजाला बन गया है। समुदाय के बच्चों को अब गांव में ही पक्के स्कूलों के सुरक्षित माहौल में बेहतर पढ़ाई की सुविधा मिल रही है, इलाज के लिए लोग शहरों की बजाय गांव के स्वास्थ्य केंद्रों पर ही सुविधाएँ मिल जा रही हैं। ऐसी योजनाएँ और स्थानीय स्तर पर तात्कालिक जरूरत के याले काम, जो सरकारी बजट में शामिल नहीं होते और उन्हें किया जाना आवश्यक हो, उन कामों के लिए भी खनिज विकास फंड संजीवनी साबित हो रहा है।

### दो साल में 920 करोड़ का आवंटन

डीएमएफ के माध्यम से छोटी योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में लगभग एक हजार किलोमीटर की 4 बड़ी रेल परियोजनाएं खनिज विकास फंड की सहभागिता से स्थापित की जा रही है। इसके लिए पिछले 2 सालों में 920 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर, ईस्ट कॉरिडोर कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना, रामघाट-जगदलपुर रेल परियोजना खनिज विकास फंड की सहभागिता से ही गतिशील है। खरसिया-बलौदाबाजार-नवारायपुर-दुर्ग तक 300 किलोमीटर की नई रेल लाईन को भी नीति आयोग ने हाल ही में अनुमोदित किया है। इसे भी खनिज विकास फंड के समन्वय से ही घरातल पर उतारा जायेगा। छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं के साथ-साथ कई सड़क परियोजनाएँ और हवाई सम्पर्क के लिए एयरपोर्टों के विकास के काम भी इसी फंड से किए जा रहे हैं।

### 761 योजनाओं पर 215 करोड़ खर्च

जनकल्याण के लिए जिला खनिज न्यास मद फंड से पिछले वित्तीय वर्ष में 761 खास योजनाओं पर भी 215 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें युवाओं को रोजगार देने के लिए कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण और वृद्ध एवं दिव्यांगों के लिए कई सहायतार्थ योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार के वार्षिक बजट के साथ-साथ खनिज विकास फंड की सहायता लेकर राज्य में मुख्यमंत्री बाईपास और रिंग रोड योजना, मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप योजना, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, मुख्यमंत्री मोबाईल टॉवर स्कीम योजना, पीएन सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी नई पहल भी की गई है।

### आदिवासी समुदाय को लाभ

छत्तीसगढ़ में सीएआर और टीएमएफ के जरिए हो रहे विकास कार्यों का सबसे ज्यादा लाभ खनन प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समुदाय के लोगों को मिल रहा है. सुरक्षित पर्यावरण, समावेशी विकास के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ में न्यूनतम वन हानि, पुनर्भरण एवं पुर्ननवीनीकरण के प्रावधानों के सख्त पालन के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं और अधोसंरचना विकास को गति देने का कार्य हो रहा है।

# ननों की गिरफ्तारी पर केरल-छत्तीसगढ़ भाजपा आमने-सामने, बैज ने सरकार से पूछा- कौन गलत और कौन सही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग में दो ननों की गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार और केरल के भाजपा अध्यक्ष के बीच टकराव अब सवालों के घेरे में आ गया है। एक ओर जहां छत्तीसगढ़ सरकार गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए कार्रवाई की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने वीडियो जारी कर नन पर लगे आरोपों और की गई कार्रवाई को गलत बताया है। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट करने की मांग की है कि आखिर कौन गलत है और कौन सही है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया है।



पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धर्मांतरण भाजपा का चुनावी एजेंडा है। ननों की गिरफ्तारी के मामले में केरल के भाजपा प्रदेश महामंत्री ने सीएम और डिप्टी सीएम से मुलाकात की। राज्य सरकार मामले की लीपापोती में लगी है। उन्होंने कहा, भाजपा सिर्फ ध्रुवीकरण का काम कर रही है। केरल भाजपा अध्यक्ष के बयान अलग और राज्य सरकार के बयान अलग हैं। आखिर कौन झूठ बोल रहा है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### क्रेडा कमीशनखोरी मामले पर कसा तंज

क्रेडा में 3 प्रतिशत कमीशनखोरी मामले में उन्होंने कहा, क्रेडा के वेंडरों ने पीएम, सीएम समेत कई नेताओं को पत्र लिखा। कमीशन नहीं देने पर डराया-धमकाया जा रहा है। यह पहली घटना नहीं, राजनांदगांव से भी ऐसी चिट्ठी आई है। सरकार सिर्फ ढोल पीट रही है। नेता-मंत्री जनता की गाढ़ी कमाई लूटने में लगे हैं।

### भर्ती घोटाले का आरोप

उन्होंने कहा, पहले वन विभाग आरक्षक, पुलिस भर्ती और अब समग्र शिक्षा विभाग से निकाली भर्ती में घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा, 40 हजार आवेदन आते हैं, 1300 की भर्ती करते हैं। महज 3 दिन में भर्ती कैसे संभव? हम तो भ्रष्टाचार का आरोप अभी लगा रहे हैं, आप पहले ही लेटर में भ्रष्टाचार नहीं होने की बात कह रहे हैं, इसमें भी जांच होनी चाहिए।

### गृहमंत्री को एके-47 रख लेनी चाहिए

बजरंग दल के प्रदर्शन की चेतावनी पर दीपक बैज ने कहा, भाजपा और बजरंग दल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बजरंग दल का वीडियो सामने आ रहा है। आवश्यकता पड़ने पर हथियार उठाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि गृहमंत्री को एक-47 रख लेनी चाहिए। आखिर प्रदेश में लोकतंत्र है या नहीं? कोई भी बात हो तो सरकार को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

## वित्त मंत्री चौधरी अमेरिका रवाना

# प्रवासी समुदाय, छात्र, निवेशकों और उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी बुधवार को सात दिवसीय अमेरिका यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य अमेरिका में बसे प्रवासी छत्तीसगढ़वासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें राज्य के विकास अभियान से जोड़ना है। श्री चौधरी इस दौरान अमेरिका में रहने वाले छत्तीसगढ़ी मूल के नागरिकों को प्रदेश के समग्र विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेंगे तथा उन्हें वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में तैयार "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047" से अवगत कराएंगे। वे आगामी एनआरआई शिखर सम्मेलन में प्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी आमंत्रण देंगे।



### एफडीआई-जेवी के लिए करेंगे संवाद

अपनी यात्रा के दौरान मंत्री श्री चौधरी अमेरिका में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ी युवाओं से संवाद कर उनके लिए एक सशक्त सपोर्ट सिस्टम के निर्माण की दिशा में सुझाव प्राप्त करेंगे। साथ ही स्टार्टअप्स के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं के अनुभवों को साझा कर उन्हें छत्तीसगढ़ में नवाचार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे निवेशकों और उद्यमियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और संयुक्त उपक्रम (जेवी) की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे, जिससे राज्य में आर्थिक विकास को गति मिले। श्री चौधरी प्रवासी छत्तीसगढ़ियों को राज्य के रजत जयंती समारोह में सहभागी बनने के लिए भी आमंत्रित करेंगे। उनकी यह विदेश यात्रा 7 दिनों की होगी, जिसके दौरान वे विभिन्न शहरों में प्रवासी समुदाय, छात्र, निवेशक और उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।

# युकां की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा कांग्रेस नेता शाहिद बने महासचिव

**पूरे देश से 14 युवा नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई के मोहम्मद शाहिद को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं पेंड्रा की प्रीति मांझी को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव बनाया गया है।

वर्तमान में शाहिद बिहार के वरिष्ठ प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के प्रभारी रह चुके हैं। उन्होंने 2016 में चुनाव लड़कर दुर्ग जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद से कार्य शुरू किया था। फिर 2018 में प्रदेश सचिव और 2019 में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर बने। 2020 में राष्ट्रीय सचिव, 2022 में वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव और अब राष्ट्रीय महासचिव बने हैं। वर्तमान में शाहिद का दौरा बिहार के प्रत्येक जिलों में चल रहा



है और वे अगस्त के पहले सप्ताह में छत्तीसगढ़ लौटेंगे। इस नियुक्ति पर मो शाहिद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अध्यक्ष उदय भानु ,पूर्व अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्णचंद पाढ़ी, पीसीसी महामंत्री सुबोध हरीतवाल का आभार व्यक्त किया है।

# रायपुर में खुलेगा एपेडा का क्षेत्रीय कार्यालय किसानों के लिए अब होगा मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात को प्रोत्साहन देने की दिशा में छत्तीसगढ़ को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों एवं उद्योग विभाग की सक्रिय पहल के फलस्वरूप भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रायपुर में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपेडा) का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

### किसानों के लिए होगा मददगार

इस क्षेत्रीय कार्यालय के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के किसानों, उत्पादकों और निर्यातकों को अनेक लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। अब उन्हें ट्रेनिंग, प्रमाणन, पैकेजिंग, मानकीकरण और निर्यात संबंधी सेवाओं के लिए अन्य राज्यों के कार्यालयों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।



### स्थानीय स्तर पर मिलेगी वैश्विक गुणवत्ता की सुविधा

राज्य में एपेडा कार्यालय की स्थापना से अब फाइटो-सेनेटरी प्रमाणपत्र, गुणवत्ता प्रमाणन, लैब टेस्टिंग, और निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाएं यहीं पूरी की जा सकेंगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि किसानों और निर्यातकों की लागत में भी कमी आएगी।

### छत्तीसगढ़ के उत्पादों को मिलेगी ब्रांडिंग और वैश्विक पहचान

एपेडा कार्यालय से फल, सब्जियाँ, चावल, जीआई टैग वाले उत्पाद, मिलेट्स और अन्य कृषि उत्पादों का सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात आसान होगा। इससे उत्पादों को उचित दाम, व्यापारियों को नए बाजार, और राज्य को वैश्विक मंच पर पहचान मिलेगी।

### किसानों की आय और ज्ञान दोनों में वृद्धि

निर्यात से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, नई तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण, आधुनिक पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग की जानकारी और प्रशिक्षण उन्हें स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

### निर्यात बुनियादी ढांचे को मिलेगा प्रोत्साहन

एपेडा न केवल प्रमाणन और ब्रांड प्रमोशन में सहयोग करता है, बल्कि निर्यात बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में भी सहायता करता है। इससे राज्य में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस जैसे सुविधाओं का विकास होगा, जिससे कृषि व्यापार को नई गति मिलेगी। विशेष योजनाएं और सब्सिडी का लाभ **राज्य को मिलेगा :** एपेडा द्वारा चलाए जा रहे एक्सपोर्ट प्रमोशन, स्किल डेवलपमेंट और सब्सिडी योजनाओं का लाभ अब छत्तीसगढ़ के किसान, स्टार्टअप और एमएसएमईएस को सहजता से मिल सकेगा।

## कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और सीईओ बदले गए

# 8 आईपीएस समेत राप्रसे के 75 अफसरों के तबादले, रायपुर एडीएम देवेंद्र का स्थान लेंगी तुलसी राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में 8 आईपीएस समेत राज्य प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शामिल हैं। सूची में शामिल सभी अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश भी दिया गया है। आदेश में ज्योति बबली कुजूर को उपायुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास को सचिव छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।
सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रायपुर के अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल को कोरबा भेजा गया है। तुलसी राठौर रायपुर की नई अपर कलेक्टर होंगी। अभिषेक अग्रवाल दुर्ग के अपर कलेक्टर और विभोर अग्रवाल जशपुर के अपर कलेक्टर होंगे। इसके अलावा अन्य अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। जारी सूची के अनुसार राजेंद्र प्रसाद गुप्ता अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर को अपर कलेक्टर, मुंगेली, सुरेंद्र प्रसाद वैध सीईओ गौरेला-पेंड्रा- मरवाही को अपर कलेक्टर, कोरिया, अरविंद कुमार पाण्डेय को अपर कलेक्अर गरियाबंद को एसीईओ, रायपुर विकास प्राधिकरण, अभिषेक अग्रवाल उप सचिव गृह को अपर कलेक्टर, दुर्ग, अरुण कुमार मरकाम अपर कलेक्टर कोरिया को उप सचिव, राजस्व एवं आपदा विभाग, मंत्रालय, सचिन भूतड़ा एसीईओ, नया रायपुर विकास प्राधिकरण को अपर कलेक्टर, महासमुंद, विजेंद्र सिंह पाटले अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को सीईओ जिला पंचायत, सूरजपुर, चित्रकांत चाली ठाकुर अपर कलेक्टर कोंडागांव को अपर कलेक्टर, रायगढ़, कमलेश नंदनी साहू सीईओ सूरजपुर को ओएसडी उद्योग संचालनालय रायपुर, यामिनी पांडे गुप्ता संयुक्त संचालक खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय को उपायुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर, निधि साहू अपर कलेक्टर रायपुर को उप सचिव, राजभवन रायपुर, घासीराम मरकाम सीईओ जिला पंचायम गरियाबंद को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सुनील कुमार चंद्रवंशी उप सचिव राजस्व को सीईओ, जिला पंचायत, बालोद में पदस्थ किया गया है।



### इन संयुक्त कलेक्टरों को मिला नया प्रभार

प्रेमलता संयुक्त आयुक्त भू-अभिलेख को सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा, अवधराम टंडन उपायुक्त संभागीय आयुकत दुर्ग को अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, मिथिलेश डोंडे अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रविराज ठाकुर अपर कलेक्टर महासमुंद को प्रबंधक नया रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर नारायणपुर को बलरामपुर-रामानुजगंज, डॉ.आराधना राहुल कुमार, अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को उपायुक्त बिलासपुर, मेनका प्रधान अपर कलेक्टर मुगेली को संयुक्त संचालक प्रशासन अकादमी रायपुर, विभोर अग्रवाल अपर कलेक्टर जशपुर, ममता यादव उप सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर, चेतन बोरघरिया को अपर कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज, श्रीकांत वर्मा को उप सचिव खनिज विभाग मंत्रालय, मुकेश रावटे को सीईओ जिला पंचायत गौरेलजा-पेंड्रा-मरवाही, कैलाश प्रसाद वर्मा जीएम मार्कफेड, ओंकार यादव को संयुक्त कलेक्टर कोरबा, प्रकाशचंद कोरी को संयुकत कलेक्टर बालौदाबाजार-भाटापारा, रवि सिंह संयुकत कलेक्टर रायगढ़, किरोड़ीमल अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर रायपुर, अभिषेक दीवान संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, पुष्पेंद्र कुमार वर्मा को संयुक्त कलेक्अर बिलासपुर, सागर सिंह को संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम, लता उर्वशा को संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव, गीता शुक्ला दीवान को अवर सचिव मंत्रालय, हितेश्वरी बाघे को संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद, वहीदुर्रहमान को संयुक्त कलेक्टर कोंडागांव, संदीप ठाकुर को संयुक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा, अमित कुमार गुप्ता को संयुक्त कलेक्टर कोरिया, पूनम शर्मा को उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल रायपुर, सरस्वती बंजारे को संयुक्त कलेक्टर कांकेर पदस्थ किया गया है।

### इन डिप्टी कलेक्टरों के बदले गए प्रभार

विनय कुमार कश्यप को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, गौतमचंद पाटिल को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, रेखा चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, रश्मि ठाकुर को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, ओंकारेश्वर सिंह को डिप्टी कलेक्टर जशपुर, बजरंग सिंह वर्मा को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, निकिता मरकाम को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुकेश कुमार कोठारी को डिप्टी कलेक्टर रायपुर, अनिकेत साहू को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, मधुहर्ष को डिप्टी कलेक्टर बालोद, अमित कुमार श्रीवास्तव को सचिव तेलघानी बोर्ड रायपुर और अतिरिक्त प्रभार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर, हर्षलता वर्मा को डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा, भ्झारत कौशिक को डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, मनोज कुमार मरकाम को डिप्टी कलेक्टर धमतरी, रश्मि वर्मा को प्रबंधक नवा रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, राकेश साहू को डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, पार्वती पटेल को उप संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, ऋचा चंद्राकर प्रबंधक स्मार्ट सिटी, विश्वास कुमार को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, आकांक्षा पांडेय डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, प्रफुल्ल कुमार रजक को डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, शिल्पा देवांगन को डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम, अंकित चौहान को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, अक्षा गुप्ता को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, रमेश कुमार मोर को डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, तेजपाल सिंह ध्रुव को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, मायानंद चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, प्रितेश सिंह राजपूत को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, विक्रांत कुमार अंचल को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, अंशुल वर्मा डिप्टी कलेक्टर कोरिया, तुलसी चौहान को डिप्टी कलेक्टर रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

### 8 आईपीएस अफसरों के तबादले

इसके अलावा 8 आईपीएस अफसरों का भी तबादला किया गया है। जारी आदेश में ईशू अग्रवाल को रायपुर आजाद चौक का नया सीएसपी नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र सुमंत कुमार को राजनांदगांव से सरगुजा, मयंक मिश्रा को सरगुजा से रायगढ़, हर्षित मेहर को रायगढ़ से दुर्गर राहुल बंसल को दुर्ग से सरगुजा, वांसल जैन को पुलिस मुख्यालय से राजनांदगांव, अभिषेक चंद्रवेदती को रायपुर और गगन कुमार को बस्तर से बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शिकागो में सिंगर अनुराग को मिलेगा सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संगीत को अंतराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने वाले मशहूर सिंगर और एक्टर अनुराग शर्मा को अमेरिका के शिकागो शहर में विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा।



यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ी भाषा, संगीत और संस्कृति में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी मंच के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर अनुराग शर्मा 2 अगस्त को शिकागो में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी और हिंदी गीतों की प्रस्तुति भी देंगे। यह कार्यक्रम न केवल प्रवासी भारतीयों के लिए भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला और कलाकारों के लिए भी गर्व का विषय है।

### निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायपुर। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को डिजिटल युग में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लोधीपारा स्थित सेफटेक इंस्टिट्यूट ग्रुप ऑफ एजूकेशन सोसायटी द्वारा 21 वर्ष से 35 वर्ष तक की सभी महिलाओं के लिए एक माह का निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं संस्था के अध्यक्ष कमलनारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण 1 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

## निधन

### कुणाल रावलानी

रायपुर। महावीर नगर निवासी



कुणाल रावलानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपक रावलानी के पुत्र और युग, विनय, मनन, हार्दिक रावलानी के भाई थे।

# मोबाइल ऐप में अपलोड होंगे छात्रों के परिणाम, इसके आधार पर ही अतिरिक्त कक्षाओं का बंदोबस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

तिमाही और छमाही परीक्षाओं के साथ ही साप्ताहिक और मासिक रूप से होने वाले टेस्ट के परिणामों की भी अब ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए विशेष मोबाइल ऐप बनाया गया है। इस ऐप में सभी छात्रों के नतीजे स्कूल प्रबंधन द्वारा अपलोड किए जाएंगे।

गौरतलब है कि मिशन उत्कर्ष 2025 के तहत शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले की सभी शालाओं में वीकली टेस्ट नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम माह से ही आयोजित हो रहा है।

29 जुलाई से एक अगस्त तक कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम मासिक टेस्ट लिया जा रहा है। टेस्ट पूरा होने के बाद निर्धारित अवधि में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर ऐप पर परिणाम अपलोड करने सभी शासकीय विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं।

## 10वीं-12वीं के परिणाम में सुधार के लिए बनाई गई कार्ययोजना

### मासिक टेस्ट के लिए भी प्रश्नपत्र

पिछले शैक्षणिक सत्र में भी हाईस्कूल व हायरसेकंडरी कक्षाओं के लिए मासिक टेस्ट आयोजित किए गए थे, लेकिन छात्रों को प्रश्न ब्लैकबोर्ड पर लिखवाए जा रहे थे। इस बार विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र छापकर दिए जा रहे हैं। इन सभी परीक्षाओं का प्रश्नपत्र विषय के विशेषज्ञों द्वारा बनाया जा रहा है। वार्षिक परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी नवीन सत्र के प्रथम माह से ही तैयार हो सकें, इसलिए यह प्रयोग हो रहा है। साप्ताहिक और मासिक टेस्ट में प्राप्त अंकों के आधार पर गुणवत्ता में सुधार के लिए अन्य ठोस कदम उठाए जाएंगे। अपेक्षाकृत कमजोर परिणाम वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं भी इसके आधार पर लगाई जाएंगी। जिनका रिजल्ट शत प्रतिशत होगा, उन विद्यार्थियों के लिए कलेक्टर तथा उच्च अधिकारियों के साथ डिनर का आयोजन किया जाएगा।



### अंतिम माह में ही लगती रही हैं कक्षाएं

अब तक अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जारी होने के बाद सत्र के अंतिम माह में ही अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्थाएं की जाती रही हैं। इस दौरान प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी होती हैं। ऐसे में कमजोर विद्यार्थियों का प्रदर्शन सुधारने पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता है। तमाम प्रयासों के बाद भी जिले के परिणाम शत प्रतिशत नहीं रह पाते हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में खराब परिणामों के मामले में रायपुर जिला दूसरे स्थान पर था। बीते सत्र के प्रदर्शन को देखते हुए इस बार सत्र की शुरुआत से ही अतिरिक्त कक्षाओं की तैयारी है।

# ट्रेडिंग की ट्रेनिंग देकर शेयर बाजार में रकम दोगुना करने का झांसा देकर तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ महिला ने बेची गई जमीन की रकम की जालसाजों के हवाले

टिकरापारा थाना में एक महिला ने एक दंपति के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर तीन लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दंपति ने महिला के बेटे को ट्रेडिंग की ट्रेनिंग देने के बाद झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया। पीड़ित द्वारा पैसा मांगने घर जाने पर जालसाज दंपति पीड़ित को अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगे होने का हवाला देकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उन्हें डराने की कोशिश की। राजनांदगांव लखोली निवासी दुर्गा साहू ने बैजनाथ साहू तथा उसकी पत्नी राजेश्वरी साहू के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गा ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा ट्रेडिंग की ट्रेनिंग लेने दंपति के यहां आता था। ट्रेनिंग देने के एवज में दुर्गा दंपति को हर माह 10 हजार रुपए प्रशिक्षण शुल्क देता था। इस दौरान बैजनाथ तथा उसकी पत्नी ने दुर्गा के बेटे को शेयर बाजार में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर तीन लाख रुपए निवेश करने कहा। रकम निवेश करने दुर्गा ने बेची गई जमीन की रकम अपने बेटे को दी। लंबे समय तक रिटर्न नहीं मिलने पर दुर्गा ने धनेश तथा उसकी पत्नी से पैसे मांगे, तो उन लोगों ने टालमटोल किया।

### घर आने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी

दुर्गा के अनुसार रकम वापस नहीं मिलने पर वह बैजनाथ के घर पैसा मांगने के लिए गई। इस पर बैजनाथ तथा उसकी पत्नी ने अपने घर पर सीसीटीवी कैमरा लगे होने का डर दिखाकर दुर्गा को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। दुर्गा के अनुसार बैजनाथ तथा उसकी पत्नी ने जो उनके यहां ट्रेडिंग के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए आए थे, उन सभी के साथ शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ठगी की है।

# संतोषीनगर बोरियाखुर्द में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

## 16 अवैध मकान को किया जमींदोज, बिना अनुमति निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नगर निगम और जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, बस में भरकर पहुंची पुलिस की पेट्रोलिंग टीम

राजधानी के संतोषीनगर बोरियाखुर्द इलाके में नगर निगम का बुलडोजर चला है, जिसमें 16 अवैध मकान धड़ाधड़ जमींदोज हुए। जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सुबह 10 बजे से अवैध निर्माण तोड़ने दलबल के साथ धमक दी। शाम 5 बजे तक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर बड़ी कार्रवाई की। वहीं बोरियाखुर्द में 10 एकड़ और दुर्गा विहार इलाके में 6 एकड़ अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए कब्जा मुक्त कराया। अवैध प्लाटिंग करने बनाई जा रही बाउंड्रीवाल को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया।

महापौर मीनल चौबे, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर बोरियाखुर्द और डूंडा में अवैध प्लाटिंग




और अवैध निर्माण पर कारवाई हुई है। नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को पुलिस बल की मौजूदगी में बड़ी कार्रवाई करते हुए बोरियाखुर्द संतोषीनगर में निगम की अनुमति बिना बनाये गये 16 पक्के मकानों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ गिराया। जोन 10 के जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने बताया कि नगर निगम से बिना अनुमति और बिना मार्ग संरचना के अवैध निर्माण किया गया था। जोन की ओर से अवैध निर्माण हटाने नियम अनुसार तीन बार नोटिस दी गई, इसके बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाने पर बुधवार को तोड़फोड़ की कार्यवाही की गयी है।

### 10 जेसीबी, डंपर, पोकलेन मशीन, पुलिस बल का तगड़ा इंतजाम भी

अवैध निर्माण को ढहाने यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी नंद कुमार चौबे, निगम मुख्यालय उड़नदस्ता प्रभारी और नगर निवेशक आभाष मिश्रा जोन 10 के कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता द्वय योगेश यद्धु,सुशील अहीर, उप अभियंता रविप्रभात साहू, जोन 10 उड़नदस्ता प्रभारी जितेन्द्र कौशिक, सेंट्रल उड़नदस्ता प्रभारी मोहम्मद तसव्वर अली, टीम प्रहरी की टीम, पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक तोड़फोड़ की इस कार्रवाई के लिए एक बस में सवार होकर पेट्रोलिंग टीम स्पॉट पर सुबह 10 बजे से पहुंच थी।

### विंध्य नगर में अवैध प्लाटिंग, निगम ने मशीन से नींव तुड़वाया



नगर निगम जोन 1 क्षेत्र स्थित यतियतन लाल वार्ड भनपुरी की अनुग्रह सोसाइटी के पीछे विंध्य नगर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर निगम अमले ने जेसीबी मशीन लगाकर नींव को ध्वस्त कर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। विंध्य नगर में 3 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी शिकायत मिलने पर निगम अमले ने स्थल पर पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। शिकायत सही पाये जाने पर जेसीबी मशीन लगाकर अवैध निर्माण की नींव तुड़वाने तत्परता दिखाई। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 1 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, सहायक अभियंता शरद देखमुख, उप अभियंता गोपाल प्रधान की उपस्थिति में कार्रवाई हुई।

# निगम का नोटिस मिलते ही जायका मोटर्स ने 11 लाख का टैक्स भरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पूर्ण भुगतान पर संपति कर में 58,160 रुपये छूट का लाभ

नगर निगम की ओर से बकाया टैक्स का डिमांड बिल मिलते ही बुधवार को जायका मोटर्स ने तत्काल 11,52,314 रुपये संपत्ति कर यूजर चार्ज का पूर्ण भुगतान का चेक सौंपा। यह चेक नगर निगम जोन 5 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव ने राजस्व निरीक्षक मनीष भोई, राजेश मूले, अमर सागर और सहायक राजस्व निरीक्षक विशाल शर्मा सहित प्राप्त किया। निगम के राजस्व विभाग को संपत्ति कर वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 का पूर्ण भुगतान किये जाने पर विभाग ने जायका मोटर्स प्रबंधन को संपत्ति कर के पूर्ण भुगतान पर 58,160 रुपये की संपत्ति कर राशि में छूट का लाभ दिया। निगम की ओर से संपत्ति कर दाताओं को वर्तमान वित्त वर्ष में संपूर्ण संपत्ति कर भुगतान कर 5 फीसदी की छूट का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर 'यादें रफी' कार्यक्रम

रायपुर। हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप का स्व. मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर ''यादें रफी'' कार्यक्रम के तहत मेरी आवाज सुनो 31 जुलाई को संध्या 6 बजे शहीद स्मारक भवन रजबंध मैदान में आयोजित होगा।

### केपीएस सरोना में सीबीएसई की जोनल स्केटिंग स्पर्धा

रायपुर। सीबीएसई बोर्ड द्वारा फार ईस्ट जोन की राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में आयोजित की जा रही है। स्कूल के संचाल डॉ. राकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 31 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, आसाम, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर, उत्तर पूर्व भारत के सभी प्रदेश के प्रतिभागी शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता केपीएस के 200 बैड ट्रेक के अलावा रोड़ रेस सेक्टर 21 नवा रायपुर में आयोजित की जाएगी। वहीं इस कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर केबिनेट मंत्री राजेश मूणत के अलावा नरेन्द्र मोदी विचार मंच मिशन न्यू इंडिया से संबंधित 28 शाखाओं के सभी प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता केपीएस सरोना के खेल प्रभारी प्रताप देवांगन के नेतृत्व एवं अंकित ओझा, आशीष दुबे, मनीष दुबे, प्रियंका शर्मा, विनिशा गाड़ियि, कैलाश चक्रधारी, जानकी बल्लभ पाल, संस्कार मिश्रा, कमलेश साहू, योगेन्द्र साहू, सरोज साहू तथा स्कूल की प्राचार्या अर्चना मिश्रा डायरेक्टर अपर्णा त्रिपाठी, शुभम मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### स्कूल ही उपलब्ध...

विद्यालय प्रबंधन ही छात्रों के लिए करेंगे। निजी स्कूल जांच के दौरान किसी भी तरह की कार्रवाई से बचने के लिए दो तरह की किताबें मंगवाते हैं। इनमें किताबों का एक सेट निजी प्रकाशकों का होता है, जिसकी खरीदी स्कूल प्रबंधन के आदेशानुसार पालकों को प्रतिवर्ष करनी पड़ती है। दूसरा सेट, पाठ्यपुस्तक निगम की किताबों का होता है। पापुनि की किताबें छात्रों को वितरित हुई हैं अथवा नहीं, इसकी जांच समय-समय पर की जाती रही है। इस कारण निजी स्कूल छात्रों से ये किताबें भी मंगवाते हैं। इस कारण बस्ते का बोझ दोगुना हो जाता है।

### आगामी बैठक में पेश की...

इसके बाद सदन की ओर से अध्यक्ष ने अफसर को आगामी बैठक में अधूरा काम छोड़ने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इधर डेढ़ माह बाद बैठक होने के बाद भी सदस्यों के सवालों से घिरने से बचने के लिए अफसर बैठक में ही नहीं पहुंचे। वे अपने स्थान पर अपने से नीचे पद की महिला अफसर को बैठक में भेज दिए। इसे लेकर सदस्यों एवं विधायकों ने गहरी नाराजगी भी जताई। एक सदस्य ने यहां तक कह दिया कि अफसर बहाना बनाकर यहां नहीं आए हैं, इसलिए उनके खिलाफ नोटिस जारी करना चाहिए।

### प्राइवेट और शासकीय स्कूलों के...

कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर समिति बनाकर इसकी जांच कराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई खत्म होने को है, लेकिन शासकीय स्कूलों में अभी तक पुस्तक ही नहीं पहुंचे है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर विभागीय अधिकारी ने कहा कि छपने में देर के कारण यह स्थिति बनी थी, लेकिन अब पुस्तकें आ चुकी हैं और स्कूलों को वितरित कर दी गई हैं।

### 13 हजार लीटर से ज्यादा नकली...

हर डिब्बे में अलग-अलग बारकोड लगाती है। बारकोड की जांच करने पर वह फर्जी पाया गया। छापे की जानकारी मिलने पर बबलू ऑफिस बंद कर कहीं चला गया। कॉल करने पर बबलू ने किसी अन्य के हाथों ऑफिस की चाबी देकर भेजा। कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने नकली ऑयल को जब्त कर लिया है।

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5260 दिनांक 31.05.2013 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. फ्लैट, मीड तल-47/203 को श्री संजय झा पिता श्री लखिन्दर झा के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 05.08.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा कर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 9859 दिनांक 16.09.2019 आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड से सहायता प्राप्त कर उक्त भवन को क्रय किया गया है। संदर्भित पत्र के माध्यम से आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को ऑनलाईन नीलामी के माध्यम से उचित प्रकिया का पालन करने के बाद जैसा है जहाँ है के आधार पर श्रीमती सोनल बघेल को बिक्री कर संपत्ति सौप दिया गया है बैंक बिक्री पूरी करने की प्रक्रिया में है और संपत्ति का कब्जा नीलामी क्रेता को सौप दिया गया है। नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. फ्लैट, मीड- तल-47/203 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. फ्लैट, मीड तल-47/203 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम **सुरक्षा मोटवानी** पति अंकुर वाधवा अपना पुराना नाम को बदल कर **नया नाम- राकुल वाधवा पति अंकुर वाधवा** निवासी ए-5, वीआईपी स्टेट, वीआईपी क्लब के पास, खम्हारडीह, जिला-रायपुर (छ.ग) 492001 रख ली हूँ। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **राकुल वाधवा पति अंकुर वाधवा** से जाना व पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
**नाम- सुरक्षा मोटवानी**
**पता- ए-5, वीआईपी स्टेट, वीआईपी क्लब के पास, खम्हारडीह, जिला-रायपुर (छ.ग) 492001**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर -2, तहसील रायपुर, जिला रायपुर

## :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक रामचन्द्र सावरकर पिता दुकालू राम निवासी वार्ड नं. 69, सत्यम विहार कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 214/4, 214/5, 214/6 रकबा 0.0810, 0.0120, 0.0650 का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अति. तहसीलदार 01, रायपुर के रा.प्र.क्र./ क-/वाचक/अति.तह. /अ-12/वर्ष/ 2024-25 आदेश दिनांक 17/07/2025 के परिपालन में दिनांक 04/08/2025 को 3:00 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -2

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री विष्णु, गिरधर, भुलऊ, कोमलचंद, डेहरिन बाई, ताराबाई, तोरण बाई सभी के पिता स्व. अंजोर सिंग व निर्मल डोमार, कोपचंद, सोहन धाडीवाल, उमेन्द्र, छगन बाई, चांदनी पिता स्व. समयलाल, सभी निवासी ग्राम व पोस्ट सेजबहार, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम सेजबहार, प.ह.नं. 82, रा.नि.म. 18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नं. 370/1 रकबा 0.0160 हे.. ख.नं. 371 रकबा 0.0770 हे., ख.नं. 464/2 रकबा 0.1010 हे. ख.नं. 464/3 रकबा 1.7400 हे., शामिल 465 ख.नं. 464/4 रकबा 0.1460 हे. कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 2.0800 हेक्टेयर है।

इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति संयुक्त स्वामित्व की संपत्ति है, इसमें बंटवारे की कार्यवाही शेष है, जब तक बंटवारे की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाती है तब तक कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय, बोर्ड प्राधिकरण आदि क्रय-विक्रय, रहन-गहन बय बख्शीस आदि का संव्यवहार न करे, यदि कोई उक्त संपत्ति / भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय, संव्यवहार आदि करता है तो वह अवैध व शून्य माना व समझा जावेगा, तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं रहेंगे, तथा मेरा पक्षकारगण ऐसा कोई संव्यवहार करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करेंगे, जिसके समस्त हर्जे व खर्चे की जवाबदारी क्रय-विक्रय करने वाले की होगी, सो सूचना जाने।

दिनांक 30/07/2025

भवदीय
छबिराम साहू
नोटरी / अधिवक्ता
सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
उपरवारा, सेक्टर 34, नवा रायपुर (छ.ग.)
मोबा. नं. 90096-31623

## मूल विक्रय विलेख दस्तावेज गुम होने की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तात्यापारा वार्ड, वार्ड क्रमांक-38 (परीसीमन उपरांत वार्ड क्रमांक-36), मौजा रायपुर खास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर-12- रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित आबादी भूमि के भाग पर निर्मित मकान कुल क्षेत्रफल 1300 वर्गफुट है जिसका म्युनिस्पल प्रॉपर्टी यु.आई.डी. नंबर RPR738E00254 है, जो कि मेरे पक्षकार 1. माधुरी यदु, 2. भूवनेश्वरी यदु, 3. लक्ष्मी यदु, 4. ओम प्रकाश यदु, 5. सुर्यकांत यदु पिसरान स्व. झाड़ीराम यदु, सभी निवासी पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रुप से धारित की जाती है उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने मुस्समात ढेला बाई बेवा रंजीत यदु, निवासी-हाण्डीपारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बक्शीशनामा दिनांक 21.11.2002 के माध्यम से क्रय कर प्राप्त किया है, जिसकी प्रविष्टि उप पंजीयन कार्यालय रायपुर में पुस्तक क्रमांक अ-1 के ग्रंथ क्रमांक 2703 में पृष्ठ क्रमांक 75 से 77 पर दस्तावेज क्रमांक 15772 देकर विधिवत दर्ज की गई है। उक्त संपत्ति की मूल बक्शीशनामा दस्तावेज मेरे पक्षकार से उनके घर से ही साफ-सफाई में कही गुम हो गई है जो अथक प्रयास के बावजूद भी अप्राप्त है एवं जिसकी गुमशुदगी की सूचना संबंधित थाना आजाद चौक, रायपुर (छ.ग.) में मेरे पक्षकार द्वारा दर्ज करा दी गई है

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त दस्तावेज जिस किसी सज्जन व्यक्ति को प्राप्त हो वो मेरे उपरोक्त पक्षकार के पते पर अथवा मेरे पते पर सौंपने की कृपा करे। साथ ही सूचित किया जाता है कि उक्त मूल बक्शीशनामा दस्तावेज को कोई भी व्यक्ति, साहूकार, संस्था या निकाय अपने पास बंधक आदि रखते है तो उसके दुष्परिणामों हेतु वह स्वयं उत्तरदायी होंगे, ऐसे किसी भी संव्यवहार के लिए भविष्य में मेरे पक्षकार या उनके विधिक वारिसान जिम्मेदार नही होगें। अतः उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

स्थान- रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 29.07.2025

भवदीय
शब्बीर भारमल (कपासी), मोईज भारमल, (अधिवक्तागण), 7, पुष्पक अपार्टमेंट, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.) मोबाईल नं. 9827150152, 96912-34252

## :: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5478 दिनांक 06.06.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट, 10/306 को श्री विवेक कुमार लेपांडे पिता श्री नंदकिशोर लेपांडे के नाम स्व- वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 04.05.2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री विवेक कुमार लेपांडे पिता श्री नंदकिशोर लेपांडे,** निवासीः- हाउस नं. सी-3, विधान सभा-रोड़, नियर बी.एस.एन.एल.ऑफिस टेलिफोन कॉलोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री टिकेश्वर यादव पिता श्री ललित यादव,** निवासीः- ग्राम-कमरगा, थाना व तहसील-लैलूंगा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, 10/306 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**न्यायालय- कृति कुजूर न्यायाधीश, षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर छ.ग.**

प्रकरण क्रमांक - 227ए/2025,प्रोसेस क्रमांक-1298/2025
पेशी तारीख 11.08.2025

**श्रीमती सुशीला देवांगन व अन्य** ...वादी

**विरूद्ध**

**आम जनता व अन्य** ...प्रतिवादी

वादी श्रीमती सुशीला देवांगन पति स्व. दुकलहा राम देवांगन पता- रायपुर छ.ग. ने आप **अनावेदकगण** 1 आम जनता (जिनका प्रकरण से संबंध हो) के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 11.08.2025 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**- यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज तारीख 24.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मुहर

कृति कुजूर
न्यायाधीश, षष्ठम व्यवहार
न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर छ.ग.

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
Elevate Your Future.
Experience Educational Excellence.
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com BBA BCA
BAMC B.Sc. B.Sc.
M.Com MSW MBA
MJ PGD IN YOGA
PGDCA PGDJ DCA Ph.D
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS I E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS I SEMINAR & WORKSHOPS I PDP & ENGLISH CLASSES.

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टीलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने अरमान नाला का किया निरीक्षण

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत अरमान नाला का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद आकाश तिवारी, जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव उपस्थित रहे। आयुक्त ने अरमान नाला क्षेत्र के रहवासी इलाकों में जलभराव की समस्या दूर करने नाला चौड़ीकरण के संबंध चर्चा की। साथ ही आवश्यकता अनुसार नाला चौड़ीकरण करने जल्द प्रतिवेदन देने जोन 4 कमिश्नर को निर्देश दिए। निगम आयुक्त विश्वदीप ने अरमान नाला के दौरे के दौरान गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद कैलाश बेहरा, शंकर नगर वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता के साथ नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के साथ दोपहर 1 बजे बैठक बुलाकर जोन 3 के कार्यपालन अभियंता और जोन 4 के कार्यपालन अभियंता शेखर सहित संबंधित वार्ड के पार्षद की उपस्थिति में अरमान नाला के गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए आपसी सहमति बनाई। इसमें आम जनता को जलभराव से होने वाली समस्या का निदान आपस में मिलकर जन प्रतिनिधि सहित करने सहयोग पर जोर दिया गया।

### बीएससी नर्सिंग के परिणाम घोषित

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीएससी नर्सिंग के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की गई थी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग 46000 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इनमें से 67 प्रतिशत छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे थे। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम ने बुधवार को अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके आधार पर अब नर्सिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

### राज्य स्तरीय विराट भजन प्रतियोगिता

**रायपुर।** श्री सरल सरिता भजनामृत भजन समिति की ओर से 3 अगस्त को नागपंचमी के उपलक्ष्य में पुराने संस्कार एवं रीति रिवाज को पुनः उजागर करने के उद्देश्य से कुशालपुर में राज्य स्तरीय विराट भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### नवा रायपुर में बनेगी अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी : थौरानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय भवन अटल नगर नया रायपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। छत्तीसगढ़ चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि, यह निर्णय न केवल राज्य के कुशल और प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। बैठक में कई निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी एक सशक्त पहचान दिलाएगा। कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) को नवा रायपुर (अटल नगर) के सेक्टर-3, ग्राम परसदा में 7.96 एकड़ भूमि आबंटित कर अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना की स्वीकृति दी गई है।

### मुस्लिम मनिहार बिरादरी का प्रदेशाध्यक्ष चुनाव 14 सितंबर को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 सितंबर को राजनांदगांव में होने वाला है। चुनाव समिति के संयोजक शकील अहमद ने बताया कि यह मुस्लिम मनिहार बिरादरी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव है, जिसे निष्पक्ष गुप्त मतदान द्वारा कराया जाएगा। शकील अहमद के अलावा हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, हाजी प्रोफेसर आरिफ साहब दुर्ग, शेख अलीम बिलासपुर, मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर, मोहम्मद शफी राजिम, मोहम्मद हफीज वारसी राजनंदगांव, अनीश रायपुर, मोहम्मद नौशाद बक्स महासमुंद मौजूद है।

# 15 दिन की फील्ड विजिट अनिवार्य, मरीजों के आधार पर डॉक्टरों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- डिजिटल निगरानी और कानूनी प्रकरणों का समय पर निपटारा
- स्वास्थ्य सेवाओं की दो दिनी समीक्षा बैठक का समापन



स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर के अधिकारी महीने के 15 दिन फील्ड विजिट करेंगे। इसके साथ मरीजों की संख्या और आवश्यकताओं के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की दो दिनी समीक्षा की बुधवार को समाप्ति हुई।

बैठक का अंतिम दिन जिलों से आए सिविल सर्जनों की सक्रिय सहभागिता और जिलेवार चर्चा के साथ पूरा हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया, जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना ही प्रभावी योजना निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा कि योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा जब अधिकारी व्यक्तिगत उत्तरदायित्व लेकर कार्य करेंगे। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली का अनिवार्य उपयोग करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

### जिले प्रदर्शन में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करें

उन्होंने वित्तीय संसाधनों के समयबद्ध और सुनियोजित उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बजट का उद्देश्यपरक व्यय ही योजनाओं को सफल बनाता है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विधिक प्रकरणों का त्वरित और प्रभावी निराकरण प्राथमिकता से किया जाए, ताकि कार्यों में बाधा उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, अस्पताल प्रशासन, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, जीवन धारा योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, वित्तीय प्रगति, स्थापना व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता को मापने के लिए राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन अनिवार्य है, और सभी जिले प्रदर्शन में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करें।

### अंतिम लेयर कार्पोरेट अकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर विदेश ट्रांसफर किया जा रहा

# ऑनलाइन ठगी की रकम तीन लेयर अकाउंट से ठगों तक पहुंचाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

ऑनलाइन ठगी करने के शातिर जालसाज चैनल के माध्यम से रकम पहले विदेश ट्रांसफर कर फिर वापस अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी की रकम को शातिराना अंदाज में बचा रहे हैं। ठगी की रकम को बचाने जालसाज सेविंग एकाउंट में जमा कराने के बाद करंट तथा कार्पोरेट अकाउंट में जमा कराने के बाद यूएई, दुबई सहित कई अन्य देशों में डॉलर में कन्वर्ट कराकर ट्रांसफर कराने के बाद पुनः किसी दूसरे करंट अकाउंट में वापस मंगाकर लोगों की जेबें काट रहे हैं। कार्पोरेट अकाउंट से रकम विदेश ट्रांसफर होने के बाद रिकवर करने किसी तरह से कोई व्यवस्था नहीं है।

साइबर पुलिस के अनुसार ऑनलाइन ठगी करने के जालसाज निजी के साथ प्राइवेट बैंकों में लोगों को कमीशन देने का लालाच देकर सेविंग के साथ करंट अकाउंट खुलवाते हैं या फिर अन्य लोगों से अकाउंट किराए पर लेते हैं, जिसे म्यूल अकाउंट कहा जाता है। ठगी की रकम ट्रांसफर करने यह दोनों अकाउंट महत्वपूर्ण कड़ी है। साइबर पुलिस इन्हीं दोनों अकाउंट में जमा रकम को बैंक में फ्रीज करा पाती है। कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होने की तत्काल जानकारी मिलने पर साइबर पुलिस फ्रीज करा सकती है। करंट से जिस कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होती है, इसकी जानकारी पुलिस को जब तक मिलती है, जालसाज रकम को बिटक्वाइन या फिर डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश ट्रांसफर कर चुका होता है।

### रकम विदेश ट्रांसफर होने के बाद रिकवरी की कोई व्यवस्था नहीं

## ऐसे ट्रांसफर करते हैं ठगी की रकम

*सेविंग अकाउंट- जालसाज सेविंग अकाउंट में पांच से पचास हजार रुपए ठगी की रकम ट्रांसफर करते हैं। ठगी की रकम ट्रांसफर करने म्यूल अकाउंट का उपयोग करते हैं। म्यूल अकाउंट उपयोग करने की वजह पुलिस को झांसा देना है।*

*करंट अकाउंट- अलग-अलग सेविंग अकाउंट में आई ठगी की रकम को जालसाज करंट अकाउंट में ट्रांसफर करते हैं। करंट अकाउंट की रकम को किसी एक राज्य में आहरण करने के बजाय देश के अलग-अलग राज्य के बैकों में जाकर आहरण करने के साथ ट्रांसफर करते हैं। ऐसा करने की वजह पुलिस को गुमराह करना है।*


सिम का इस्तेमाल जालसाजी के साथ और कई गंभीर अपराधों में किया जा रहा
जब्त साढ़े सात हजार सिम का इस्तेमाल विदेश के साथ दूसरे प्रदेशों में कर रहे थे जालसाज

*कोर्पोरेट अकाउंट- कार्पोरेट अकाउंट जालसाजों का एक तरह से मनी पार्किंग अकाउंट है। करंट अकाउंट में जमा जिस रकम को किसी अन्य अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है, वह कार्पोरेट अकाउंट होता है। कई जगह से करंट अकाउंट से ठगी की रकम को कार्पोरेट अकाउंट में जमा किया जाता है। कार्पोरेट अकाउंट के लिए जालसाज फर्जी लॉजिस्टिक कंपनी बनाकर बैंक में अकाउंट खुलवाते हैं। लॉजिस्टिक कंपनी के नाम से अकाउंट होने की वजह से जालसाज आयात निर्यात करने का झांसा देकर कार्पोरेट अकाउंट में जमा रकम को डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश भेजते हैं।*

*60 प्रतिशत से ज्यादा रकम कमीशन में ठगी की रकम को एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट के माध्यम से विदेश भेजने के बाद विदेश में बैठा जालसाज अपना कमीशन काटकर देश में बैठे जालसाज के अकाउंट में पुनः ट्रांसफर करने का काम करते हैं। विदेश में जो जालसाज होते हैं उनमें नाइजीरियन गिरोह से जुड़े लोगों के अलावा जालसाज द्वारा नियुक्त कमीशन एजेंट रहता है।*

*रकम वापसी कोई व्यवस्था नहीं कार्पोरेट अकाउंट से रकम ट्रांसफर होने के बाद रकम वापस हासिल करने स्थानीय स्तर पर पुलिस कुछ नहीं कर पाती। कार्पोरेट अकाउंट के माध्यम से जो रकम विदेश ट्रांसफर किया जाता है, उसे केंद्रीय वित्त मंत्रालयल के साथ विदेश मंत्रालय की दखलंदाजी के बाद ही रिकवर किया जा सकता है।*

### ठगी होने पर तत्काल शिकायत करें

*साइबर पुलिस के अफसरों के अनुसार ऑनलाइन ठगी होने की स्थिति में पीड़ित को संबंधित बैंक के साथ नजदीकी थाने में तत्काल शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इससे जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर रकम तत्काल होल्ड होती है। होल्ड रकम को जालसाज किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर नहीं कर पाता।*

# छत्तीसगढ़ में कृषि भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण के नियमों में बड़ा बदलाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- विवादों में आएगी कमी, मंत्रीपरिषद ने दी मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित है, जिसमें किसानों, भू-अर्जन से प्रभावित हितग्राहियों और राजस्व से जुड़े मामलों में विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

अनुमोदित प्रस्ताव के तहत ग्रामीण कृषि भूमि के बाजार मूल्य की गणना के लिए 500 वर्गमीटर तक के भू-खण्ड की दर को समाप्त करते हुए सम्पूर्ण रकबा की गणना हेक्टेयर दर से की जाएगी। भारत माला परियोजना और बिलासपुर के अरपा भैंसाझार में जिस तरह की अनियमितताएं सामने आई थीं, उनसे बचने के लिए यह व्यवस्था मददगार होगी। ग्रामीण क्षेत्र की परिवर्तित भूमि का मूल्यांकन सिंचित भूमि के ढाई गुना करने के प्रावधान को विलोपित करने के साथ ही शहरी सीमा से लगे ग्रामों की भूमियों और निवेश क्षेत्र की भूमियों के लिए वर्गमीटर में दरों का निर्धारण किया जाएगा। इस प्रस्ताव के लागू होने से भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों में विवादों की संख्या घटेगी और किसानों को पारदर्शी और न्यायसंगत मुआवजा मिल सकेगा।

### नीति निर्माण पर दूरदर्शी कदम- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, यह निर्णय नीति निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। उन्होंने इस निर्णय को किसानों और भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हितग्राहियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि गाइडलाइन दरों की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाकर न सिर्फ किसानों को न्याय दिलाएंगे बल्कि राज्य की विकास परियोजनाओं की रफ्तार को भी गति देंगे। यह बदलाव राज्य में भूमि मूल्य निर्धारण की प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और विवाद-मुक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

# मेडिकल प्रवेश में कैटेगरी सुधार का विकल्प नहीं, कई अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- नीट का फॉर्म भराया फरवरी में, प्रवेश नियम जुलाई में

मेडिकल और बीडीएस प्रवेश का नियम जारी करने में हुई छह माह की देर का खामियाजा कई अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ सकता है। नीट यूजी के लिए फार्म फरवरी-मार्च में भराया गया था और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश नियम जुलाई में बनाया है। नये नियम में कैटेगरी बदलने का नियम समाप्त कर दिया गया है।

नीट के फार्म में ईडब्लूएस की कैटेगरी सलेक्ट करने वाले अभ्यर्थी के परिजनों ने हरिभूमि कार्यालय आकर अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से उनका ईडब्लूएस का सर्टिफिकेट नहीं बन पा रहा है, मगर प्रवेश नियम में श्रेणी बदलने का ऑप्शन नहीं होने की वजह से उन्हें यूआर की सीटें नहीं मिल रही हैं। उनका दावा है कि कैटेगरी चेंज का ऑप्शन ऑल इंडिया कोटे के साथ अन्य राज्यों में है, मगर छत्तीसगढ़ में इसे लागू नहीं किया गया है, जिसकी वजह से उनके साथ कई अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश नियम उस दौरान जारी किया जाना था जब नीट का फार्म भराया जा रहा था।

अभ्यर्थी उस दौरान वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कैटेगरी का चयन करते। विभागीय देर का खामियाजा अनेक विद्यार्थियों को भुगतना पड़ेगा। राज्य में मेडिकल के साथ डेंटल कालेजों की यूजी सीट पर एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# दोपहर बाद निकली धूप, आज से बारिश की तीव्रता में कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कुछ एक स्थानों में मेघगर्जन के आसार

काफी दिनों तक बादल-बारिश के दौर पर अब कुछ दिन विराम लगने की संभावना है। बुधवार को दोपहर बाद शहर में धूप निकल आई और गुरुवार से वर्षा की तीव्रता और क्षेत्र में भी कमी आएगी। स्थानीय प्रभाव से कुछ एक स्थानों पर मेघगर्जन हो सकता है। बारिश थमने के बाद अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो गई।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश में बारिश का कारण बनने वाला सिस्टम अब पूरी तरह कमजोर हो चुका है, जिसके कारण यहां भारी बारिश होने की संभावना अभी नजर नहीं आ रही है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में बारिश नहीं हुई, मगर प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई। भानुप्रतापपुर में 9, मैनपुर में 7, खडगांव, अंतागढ़, दुर्गकोंदल में 6-6, अंबागढ़ चौकी, मानपुर, मोहला, लोरमी में 5-5 सेमी. तक बारिश हुई है। आज भी दोपहर को शहर में बादल छाए रहे, मगर बरसे नहीं। दोपहर बाद बादल छंट गए। बारिश की गतिविधि में कमी आने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़कर 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

जुलाई में पर्याप्त मात्रा में बारिश होने से खेती-किसानी के काम में तेजी आ गई है और बियासी-रोपाई का जोरों पर है।

# निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ हुए शासकीय सेवक
- कहा- असंवैधानिक है आदेश, सरकार चाहती क्या है

शासकीय सेवक सरकार के उस फैसले के विरोध में उतर आए हैं, जिसमें शेयर बाजार में ट्रेडिंग को सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन बताया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने खुलकर आपत्ति और नाराजगी जताई है। फेडरेशन ने साफ तौर पर कहा है कि निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक है। फेडरेशन ने इस संबंध में कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग का 22 जुलाई 2025 का आदेश भारत का संविधान में आजीविका का अधिकार अनुच्छेद 39 (क) के विरुद्ध है।

### संविधान देता है अधिकार

फेडरेशन ने ये भी कहा है कि संविधान का अनुच्छेद 39 (क) राज्य को सभी नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधन सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि व्यक्तियों के पास आय अर्जित करने के साधन हो।

### सरकार चाहती क्या है

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,बी पी शर्मा,राजेश चटर्जी, जी आर चंद्रा,रोहित तिवारी एवं चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि क्या शासन चाहती है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी एक सीमित,निश्चित और निर्धारित आय में ही अपना जीवन यापन करें ? उस सीमा से परे जाकर उसे अतिरिक्त धन अर्जन करने का अधिकार नहीं है ? जो कि किसी भी तरह से संविधान के अनुच्छेद 39 (क) के पक्ष में नहीं है। निवेश करके अतिरिक्त आय प्राप्त करना संवैधानिक अधिकार है। निवेश करने से कर्मचारी के कार्य,उसकी उत्पादकता एवं कार्यव्यहार में कोई फर्क नहीं पड़ता है। निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक है, जबकि निवेश या अन्य माध्यमों से प्राप्त आय के लिए कर्मचारी आयकर भुगतान करता है, जो किसी ने किसी प्रकार से शासकीय कोष के वृद्धि में योगदान होता है।

### कुटुंब के लिए प्रासंगिक नहीं

फेडरेशन के मुताबिक यह नियम शासकीय सेवक के लिए भले ही प्रासंगिक हो, लेकिन कुटुंब के सदस्यों के लिए किसी भी प्रकार से प्रासंगिक नहीं है। कुटुंब के सदस्यों के संबंध में सरकार द्वारा कोई स्पष्ट दिशा निर्देश जारी नहीं किया गया है।

# ननों और आदिवासी युवक के मामले को खारिज करें, जांच कराने सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए सांसद दल ने पत्रकार वार्ता में उठाया सवाल

दुर्ग में कैथोलिक ननों और एक आदिवासी युवक से जुड़ा मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है। ननों के साथ हुई घटना को लेकर छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए माकपा सांसद दल में पूर्व सांसद वृंदा करात, एए रहीम सांसद और के. राधाकृष्णन शामिल हैं।

दुर्ग में कैथोलिक ननों पर अनर्गल आरोप लगाते हुए की गई गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। सांसद पीपी सुनीर, के. जोस, पूर्व सांसद ऐनी राजा ने इस मामले को खारिज करने और घटना की जांच करवाने की मांग सीएम विष्णु देव साय से पत्रकार वार्ता के माध्यम से की है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने वाली ननों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है। वह किसी भी लिहाज से सही नहीं है। उनसे जबरिया बयान लेने का प्रयास किया जाना, गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित है। आरोप लगाया कि क्या छत्तीसगढ़ में अलग कानून चलता है?। प्रेस वार्ता में वृंदा करात ने भाजपा, आरएसएस और बजरंग दल पर निशाना साधते हुए कहा "क्या छत्तीसगढ़ में कुछ संगठनों को कानून हाथ में लेने की छूट है?, पुलिस की मौजूदगी में एक आदिवासी लड़की के साथ मारपीट हुई और जबरन बयान दिलवाया गया कि वह अपनी मर्जी से नहीं जा रही थी। उन्होंने कहा कि हम छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। सीएम विष्णु देव साय से मिलने का प्रयास किया, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई है। पत्रकार वार्ता के माध्यम से हम सीएम साय से मांग करते हैं कि ननों पर लगे झूठे आरोपों को खारिज किया जाए। जिन लोगों ने बदसलूकी या हिंसा की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# राकेश ने जीता रजत पदक




**रायपुर।** रायगढ़ जिले में 25 से 27 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप में दावड़ा यूनिवर्सिटी के योग विभाग के छात्र राकेश नेताम ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उन्होंने आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग में रजत पदक (द्वितीय स्थान) प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ट्रेडिशनल सीनियर वर्ग में भी तृतीय स्थान अर्जित किया। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ योगासन संघ के तत्वावधान में जिंदल यूनिवर्सिटी, रायगढ़ में किया गया, जिसमें सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। राकेश नेताम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच नितेश कुमार पटेल एवं दावड़ा यूनिवर्सिटी के योग विभाग को दिया।



02

घरों में कम होते आपसी संवाद...

## लाइव इवेंट

### नई शिक्षा नीति से युवाओं को मिल रही बेहतर और आधुनिक शिक्षा



**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय देवेंद्र नगर में नई शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव संजय जोशी ने बताया कि 29 जुलाई को पांच वर्ष पूर्व केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू किया। इस विशेष महत्व के दिन को शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों, सिद्धांतों, उल्लेखनीय सफलताओं को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय देवेंद्र नगर में शिक्षकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ताकि शिक्षक नई शिक्षा निति के निर्धारण में अपनी योगदान व भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। नई शिक्षा नीति देश के नई पीढ़ी को उन्नत व आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ पारंपारिक, नैतिक मूल्यों सहित विविध शिक्षा के प्रसार को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया है। विद्यालय में शिक्षकों के साथ नई शिक्षा नीति की पांचवां वर्षगांठ को उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों को भी नई शिक्षा नीति के बारे में बताया गया। शिक्षकों को नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों के जीवन में रोशनी भरने में सहायता मिल रही है।

#### विजेताओं को किया पुरस्कृत

क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिए। जिसमें नई शिक्षा नीति की मुख्य विशेषता क्या है? नई शिक्षा नीति को भारत केन्द्रित शिक्षा नीति क्यों कहा जा रहा है? भविष्य में स्कूलों में प्रायमरी एजुकेशन किस भाषा में होगा? बोर्ड परीक्षा के बारे में क्या नियम होंगे? व्यावसायिक शिक्षा कौन सी कक्षा से प्रारंभ होगी? ऐसे कई रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नों का समावेश किया गया। विद्यालय के सचिव संजय जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

## सिटी इवेंट

### वर्तमान शिक्षा केवल अकादमिक नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक उत्तरदायित्व से युक्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. गोवर्धन व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी थे। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनारायण व्यास, अध्यक्ष, महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अत्तिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की छात्रा श्रिया चक्रवर्ती ने सरस्वती वंदना एवं राजगीत की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीके पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, महाविद्यालय की शैक्षणिक संरचना, संसाधनों और नवाचारों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान करते हुए कहा कि आज की शिक्षा केवल अकादमिक नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक उत्तरदायित्व से युक्त होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि रामनारायण व्यास ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन में शिक्षा को साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेने की अपील की। उन्होंने अपने जीवन के वृतांतों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इसी कम में महापौर मीनल चौबे ने अपने ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सही लक्ष्य बनाकर उस पर निरंतर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दीर्घकालिक फायदों को विभिन्न उदाहरणों द्वारा समझाया।

#### पैरेंट्स व टीचर्स हुए रूबरू

*महाविद्यालय के स्वायत्तता प्रकोष्ठ के बारे में डॉ. हेमलाल साहू एवं डी लखपति पटेल ने विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनिल रामटेके ने एनसीसी विंग, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. हेमन्त नंदागौरी ने एनएसएस, रुपेन्द्र चौहान ने खेलकूद के बारे में विद्यार्थियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को इन सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी के लाभ, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, अनुशासन और उपलब्ध अवसरों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा नियंत्रक डॉ. वासुदेव साहसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. दीपशिखा विज, डॉ. मोना जैन, डॉ. सीएस औझा, डॉ. अखिनेश जाधव सहित अन्य प्राध्यापकगण, बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।*





### सिविल लाइन स्थित पुलिस परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू

# तेलंगाना पुलिस के जवान मिलाएंगे कदमताल घुड़सवारी, डॉग स्क्वाड के करतब करेंगे रोमांचित



**पुलिस विभाग ने पुलिस ग्राउंड में 79 वां स्वतंत्रता दिवस परेड की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार स्वतंत्रता दिवस परेड में तेलंगाना राज्य के पुलिस जवानों का कदमताल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। तेलंगाना पुलिस जवान स्वतंत्रता दिवस परेड में तेलांगाना राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस परेड में तेलंगाना पुलिस सहित जवानों के कुल 18 दल परेड भाग ले रहे हैं। प्रत्येक दल में 27 जवानों का समूह रहेगा। इस प्रकार स्वतंत्रता दिवस सलामी परेड में लगभग 450 से अधिक जवान कदमताल करते नजर आएंगे।**

**रायपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी परेड में हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, शौर्य का प्रदर्शन, देशप्रेम व सेवा का संचार करेगा। इसके साथ ही कांकेर जिले से सेना का स्पेशल घुड़सवारी दल और राज्य की स्पेशल डॉग स्क्वार्ड दल के हैरतअंगेज करतब परेड में उपस्थित नागरिक को रोमांचित करेगा। राजधानी रायपुर के पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस परेड की व्यवस्था प्रभारी कांस्टेबल लोकेश वर्मा ने बताया कि इस बार तेलंगाना पुलिस के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस मार्च पास्ट करते परेड को सलामी देगी। साथ में एनसीसी कैडेट्स को मिलाकर कुल 18 दल परेड में मार्चपास्ट करेगा। इसमें अलग-अलग फोर्स के जवान प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पुलिस जवानों के कदमताल के अलावा स्कूली बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां होंगी, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। 79वां स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास व शान से मनाने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। घुड़सवारी व डॉग स्क्वार्ड दल 2 अगस्त से शामिल होंगे।

**18**
**दल के 450 से अधिक जवान अभ्यास में जुटे**



#### इन सेनाओं का दल परेड में होंगे शामिल

बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, तेलांगना पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला व पुरुष के जवान, घुड़सवार दल, डॉग स्वार्ड दल, जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल, पुलिस बैंड वाइपर महिला व पुरुष, बुगुलर दल पुरुष, एनसीएसी कैडेट्स सहित कुल 18 दल स्वतंत्रता दिवस परेड में मार्च पास्ट कर सलामी में हिस्सा लेंगे।



#### 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल

28 जुलाई से पुलिस परेड ग्राउंड में जवानों की टुकड़ी स्वतंत्रता दिवस परेड की तैयारी में जुट गई है। यह तैयारी 13 अगस्त तक चलेगी। 13 अगस्त को परेड की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। इसके एक दिन बाद सीधे 15 अगस्त को जवानों का दल स्वतंत्रता दिवस परेड में मार्च पास्ट करने उतरेगा। जहां अपने साहस व शौर्य का प्रदर्शन करते हुए परेड को विधिवत सलामी देगी।

#### देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

स्वतंत्रता दिवस पर्व को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा और कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

#### विभागों द्वारा किया जाएगा पदक वितरण

समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजन सम्मानपूर्वक आमंत्रित रहेंगे। वहीं, विभिन्न विभागों द्वारा पदक व पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर मिनट टू मिनट कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सुबह 9 बजे से समारोह प्रारंभ होगा, जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा।

# राजस्थानी परिधान और सोलह श्रृंगार से महिलाओं ने सजाया सावन महोत्सव, सुगंधित फूलों से सजा झूला

*रायपुर। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सावन माह की रौनक देखते ही बन रही है। सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में महिलाएं पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सज-धजकर भाग ले रही हैं। महोत्सव में भारतीय परंपरा और संस्कृति का मनमोहक दृश्य देखने को मिल रहा है। वहीं, सावन के झूले भी आयोजन का विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहे। महिलाएं न केवल रंग-बिरंगे परिधान पहनकर श्रृंगार में सजकर पहुंच रही हैं, बल्कि पारंपरिक गीतों और नृत्यों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश भी दे रही हैं।*



*ससुराल गेंदा फूल...गीत पर राजस्थानी घूमर का स्वैग*
*संगिनी महिला मंडल द्वारा सावन झूला का आयोजन शहर स्थित भीमसेन भवन में किया गया, जहां महिलाएं राजस्थानी परिधान में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत ससुराल गेंदा फूल...चूड़ी मजा ना देगी...मेहंदी राचन लागी हाथा मा...जैसे लोकगीतों पर प्रस्तुति के साथ हुई। इस दौरान महिलाओं ने हाउजी, अंताक्षरी, नृत्य-संगीत व तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया। आकर्षण का केंद्र फूलों से सजा झूला रहा, जो महिलाओं के लिए सेल्फी पॉइंट के रूप में सजाया गया था।*

*शहर स्थित मंजीत हाइट्स सोसाइटी में सावन उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व भारती शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थिति रहे। इस खास अवसर पर सावन क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार के साथ भाग लिया। जिसमें सुरभि दास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया।*





*बीजेएस सीमंधर महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय सावन मेला व सावन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सावन उत्सव की शुरुआत बुधवार को महाविदेह केंद्र आराधना भवन, भैरव सोसाइटी हुई। 'ख्वाहिश एक छोटी सी पहल, महिलाओं का सुनहरा हो कल' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में फैन्सी ज्वेलरी, पारंपरिक राखी, त्योहार के उपहार, डिजाइनर आउटफीट जैसे कई स्टॉल सजे हैं। महोत्सव में महिलाओं के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।*



पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर-2 की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन बुधवार को किया गया। आयोजन का नेतृत्व श्री गौरी शंकर मंदिर से जुड़े ललिता ग्रुप की महिलाओं ने किया। यह कार्यक्रम सेक्टर-4 स्थित गार्डन में किया गया, जहां हरियाली पर पारंपरिक रूप से साज-सज्जा की गई। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक, धार्मिक पूजन व भजन, लोक गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुति और सावन झूले का आयोजन किया गया।



*कमल विहार सेक्टर-6 में महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास के साथ सावन उत्सव मनाया। आयोजन की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें लगभग 35 महिलाओं ने हिस्सा लिया ।वहीं, डांस प्रतियोगिता में महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी और सावन गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें गीता मरकाम ने प्रथम, बबली गोपाल ने द्वितीय व रानी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*

**सिटी लाइव**

## पांच दिवसीय मुंशी प्रेमचंद नाट्य समारोह का आगाज आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुवल आर्ट सोसाइटी द्वारा स्थानीय रंग संस्थाओं के सहयोग से कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर 31 जुलाई से पांच दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया है। पहले दिन गुरुवार को शाम 7 बजे नाटक लांछन की प्रस्तुति की जाएगी। इस नाटक को रचना मिश्रा निर्देशित करेंगी। समारोह का आयोजन सड्डू स्थित जनमंच पर किया जा रहा है। 4 अगस्त तक चलने वाले वाले नाट्य समारोह में राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी नाट्य निर्देशक व कलाकार हीरा मानिकपुरी व छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुवल आर्ट सोसाइटी के सुभाष मिश्रा ने दी। इस नाट्य समारोह में नाट्य रंगमंच से जुड़े प्रतिभावन कलाकारों को एक बड़ा मंच का अवसर प्राप्त होगा। कलाकार अपने कला से नाट्य प्रेमियों पर अपना प्रभाव डालने का प्रयास करेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुवल आर्ट सोसाइटी से जुड़े कलाकारों ने कड़ी अभ्यास व तैयारी की है। नाट्य समारोह में अपने जीवंत अभिनय से मुंशी प्रेमचंद को उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।





### ऐसा होगा नाटकों की प्रस्तुति शेड्यूल

31 जुलाई दिन गुरुवार सायं 7 बजे निदेशक रचना मिश्रा द्वारा नाटक लांछन, 1 अगस्त को नाटक रसिक की प्रस्तुति, संपादक कहानी का वाचन रंग संगीत हीरा मानिकपुरी द्वारा किया जाएगा। वहीं, डॉ. योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में 2 अगस्त को नाटक बड़े भाई साहब, 3 अगस्त को हीरा मानिकपुरी के निर्देशन में मुंशी प्रेमचदं की कहानियों का कोलाज (कफन, सवा सेर गेहूं, ठाकुर का कुआं), 4 अगस्त को मंत्र नामक नाटक की प्रस्तुति रचना मिश्रा द्वारा की जाएगी।

**समाज लाइव**

## 50 साल पूरा करने वाले 72 दंपतियों का होगा सम्मान

**रायपुर।** सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजनों के लिए चर्चित संस्था लाहोटी मित्र मंडल की ओर से शहर में पहली बार तीन अगस्त को अनूठा आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस पर सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में सुबह 10 बजे से सम्मान समारोह शुरू होगा। इसमें वैवाहिक जीवन के 50 साल पूरा कर चुके 72 दंपतियों के लिए यह पहल की जाएगी। संस्था के संस्थापक व संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी और मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले ऐसे जोड़े, जिनका विवाह 1975 से पहले हुआ है। वैवाहिक जीवन का जो स्वर्ण जयंती मना चुके हैं। ऐसे 72 जोड़ों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें प्रत्येक को 40-40 उपहार भेंट दिए जाएंगे।



### सम्मान के बाद साझा करेंगे जीवन की यादें

इस अनोखी पहल के लिए संस्था के 40 सदस्यों ने एक माह से ऐसे दंपतियों का चयन करने के बाद उन्हें आमंत्रित किया है। अतिथि के रूप में समाजसेवी चिरंजीवलाल लाहोटी, सविता जग्गी, अजंता चौधरी, दीपिका वैष्णव, राजेश सिंह और हीरानंद दुल्हनी मंचस्थ रहेंगे। प्रोग्राम के संयोजक लाहोटी व संरक्षक छबीलाल सोनी, जे.एस.ठाकुर, अन्नपूर्णा शर्मा, गौरी अवधिया, अनीता चौहान, हेतल चौहान, वीणा रावत और रिया तिवारी ने बताया कि वैवाहिक जीवन के 50 साल पूरे करने वाले दंपतियों द्वारा अनुभव साझा किए जाएंगे।

**सामाजिक मुद्दों को लेकर चातुर्मासिक स्थल पर साध्वियों ने हरिभूमि से चर्चा में दिए कई सुझाव**

# घरों में कम होते आपसी संवाद, मोबाइल के बढ़ते चलन से संस्कार खो रहे बच्चे और बिखर रहे परिवार

'घर- परिवार में सदस्यों के बीच कम होते संवाद और इनकी जगह मोबाइल के बढ़ते प्रभाव का अब दूरगामी असर पड़ने लगा है। इसके प्रभाव से बच्चों का बचपन और उनको संस्कारी बनाने का दायित्व माता-पिता भूल रहे हैं। बढ़ते अहंकार और धैर्य की कमी के चलते भी परिवार बिखर रहे और रिश्तों में दरारें पड़ रही हैं। कुछ इसी तरह के संवादों से लाभांडी, शांति नगर में साध्वी अंतर्मति माता श्रीजी और जैन दादाबाड़ी में साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी ने हरिभूमि के सवालों का जवाब देते हुए सोसायटी को भी सजग किया।'

दीपांजली साहू ▶▶| रायपुर





पैसा कमाना ही जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, इससे बिस्तर खरीद सकते हैं पर सुकून और नींद नहीं। किताबें खरीदी जा सकती हैं पर जीवन का सच्चा ज्ञान नहीं खरीद सकते हैं। भोजन खरीदा जा सकता है, लेकिन पैसे से भूख नहीं खरीद सकते हैं। उक्त बातें लाभांडी स्थित शांति नगर में चातुर्मास प्रवास की श्रृंखला में साध्वी अंतर्मति माता श्रीजी सम-सामयिक ने कही। उन्होंने इन विषयों को लेकर हरिभूमि से चर्चा की। इसमें साध्वी ने कहा कि तिजोरी की पूंजी को बढ़ाने से ज्यादा जरूरी बच्चों को संस्कारी बनाना है। भावी पीढ़ी को आंतरिक और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी ने टूटते रिश्तों और बिखरते परिवारों की वजह तालमेल की कमी पर चिंता जताई।

### सकारात्मक जीवनशैली के लिए अध्यात्म को बनाएं आधार

*भागदौड़ और तनाव से भरे आधुनिक जीवन में मानसिक और आत्मिक संतुलन बनाए रखने के लिए आध्यात्मिकता की ओर बढ़ना जरूरी है। बेहतर जीवनशैली और मानसिक शांति के लिए साधु-संतों की संगत अवश्य करें। इससे व्यक्ति को धार्मिक ग्रंथों और पुराणों का ज्ञान मिलता है, जो जीवन की दिशा तय करने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक मोह त्यागे बिना भी व्यक्ति संतुलित और श्रेष्ठ जीवन जी सकता है। ऐसें में रोजाना सुबह जल्दी उठें और प्राणायाम व ध्यान करें। यह आध्यात्मिक प्रगति की पहली सीढ़ी है। सोकर उठते ही 10 सकारात्मक विचार डायरी में लिखें, जैसे 'मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, मेरे ऊपर गुरु की कृपा है, मुझे जो मिला है, उसमें मैं संतोष हूं।' प्रत्येक दिन एक-दो पन्ने किसी आध्यात्मिक पुस्तक से पढ़ें।*

### मोबाइल की लत से बच्चों में संस्कारों की कमी

आधुनिक समाज में तकनीक का अत्यधिक उपयोग जहां एक ओर सुविधा प्रदान कर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। बच्चों में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की बढ़ती लत सामाजिक समस्या बनती जा रही है, जिससे नैतिक मूल्यों और संस्कारों की कमी स्पष्ट देखने को मिल रहा। बपचन से संस्कार और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए घर पर धार्मिक वातावरण रखना शुरू करें। इसके लिए बच्चों को धर्मगुरुओं के प्रवचन सुनाएं, धार्मिक स्थलों पर ले जाना और महापुरुषों और आदर्श व्यक्तित्वों की कहानियां सुनाना बेहद जरूरी हैं। इससे बच्चों में नैतिकता, संयम और आत्मबल जैसी सकारात्मक प्रवृत्तियों का निर्माण होगा।

### टूटते रिश्तों की वजह अहंकार और धैर्य की कमी

साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी ने वर्तमान सामाजिक स्थिति को लेकर बताया कि आज के समय में पढ़ाई और नौकरी के क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। इससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। पहले परिवारों में पुरुष ही काम करने बाहर जाते थे, अब महिलाएं भी स्वेच्छा से नौकरी कर रही हैं। इस स्थिति में महिलाएं शादी से पहले ही काम करने की अनुमति ले रही हैं। जो एक सकारात्मक संकेत है। इससे समाज में सोच उभर रही है कि घर केवल एक व्यक्ति का दायित्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी दोनों के तालमेल से चलना चाहिए। घर में सामंजस्य की कमी, अहंकार और आपसी संवाद की कमी के कारण परिवार बिखर रहे हैं।अभिमान के कारण अकेले रहने का निर्णय ले रहे हैं। रिश्तों में अहंकार और धैर्य की कमी बड़ी समस्या है।

### अंक नहीं, संस्कार ज़रूरी बच्चों का सहारा बनें माता-पिता

साध्वी ने माता-पिता की ज़िम्मेदारियों को लेकर कहा कि बच्चों के जीवन में माता-पिता का सबसे बड़ा दायित्व यह है कि वे बच्चों का सहारा और मार्गदर्शक बनें। जब बच्चा असफलता के दौर से गुजर रहा हो, तब उसका उत्साह बढ़ाएं। अभी अभिभावक बच्चों पर अधिक अंक लाने का दबाव बनाते हैं। इससे वे मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम तक उठा लेते हैं। परिजन बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाएं। बचपन से ही उनमें संस्कार, ईमानदारी, सत्य, धैर्य और संयम जैसे मूल्यों का बीजारोपण करें। जब बच्चे भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे, तभी वे जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकेंगे।

## कमरछठ पूजा से पहले बाजार में लौटी रौनक ग्राहकी बढ़ाने उपलब्ध करा रहे पैकिंग सामान

**रायपुर।** संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु कामना के लिए महिलाएं हर साल कमरछठ व्रत करती हैं। इस वजह से बाजारों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। बच्चों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए किए जाने वाले इस व्रत के लिए जरूरी सामग्री का बाजार भी सजने लगा है। इसमें महिलाएं उपवास रखती हैं और विशेष पूजा करती हैं। इसके लिए वे शहर के गोलबाजार और टिकरापारा इलाके में टोकरी, लावा, सूखे अनाज, धान, चना, गेहूं, मूंग, जौ, तिल, मक्का, नारियल, बताशा, रोली, कलावा, बिंदी, सिंदूर, दीया-बाती सहित जरूरी पूजा सामग्री की दुकानें सजने लगी हैं।



### पारंपरिक पूजा टोकरी 10 से 50 रुपए में बेची जा रही

दुकान संचालक ने बताया कि लावा जो कि इस पर्व की प्रमुख सामग्री है। इस बार 80 से 100 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रही है। इसी तरह पूजन के लिए तैयार किए गए विशेष अनाज मिश्रिण पैकेट 30 से 70 रुपए में बेच रहे हैं। इस पूजा में बांस से निर्मित पारंपरिक पूजा टोकरी 10 से 50 रुपए में बेची जा रही है। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि इसमें पूजा के लिए कई तरह की सामग्री उपयोग में लाई जाती है। इसके चलते महिलाएं सामग्री जुटाने की प्रक्रिया बहुत पहले से शुरू कर देती हैं। इससे उन्हें पूजा के समय भाग-दौड़ से राहत मिलती है।

### हर क्षेत्र के बाजार में बढ़ने लगी रौनक



इस पर्व के लिए महिलाएं पहले से ही पूरी तैयारी में जुट गई हैं। कई स्थानों पर पूजन थाली सेट में मिल रहा है। जिसमें सभी जरूरी वस्तुएं एक ही पैकेट में मिल रही हैं। इससे उपवास करने वाली महिलाओं को काफी सुविधा हो रही है। दुकान संचालक का कहना है कि जितिया पर्व की वजह से स्थानीय उत्पादों की बिक्री अच्छी हुई है। बाजारों की रौनक और पूजन सामग्री की मांग पर्व के समय बढ़ जाएगी।

## कारगिल के शहीदों को याद करने पहुंची सेना की जज

**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस गर्व और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा से कैप्टन शिरीन शुक्ला, प्रभारी अधिकारी कानूनी सेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उनका स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के बाद की गई। इसमें छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, हृदयस्पर्शी कविता पाठ, समूह गान और भारतीय सेना की अदम्य भावना को समर्पित एक ऊर्जावान नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इसके बाद अतिथि को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। एमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान, प्रिंसिपल अर्पिता मजुमदार के मार्गदर्शन में आयोजन का संचालन किया गया।



### प्रकृति परिवर्तन और नीति पर होगी चर्चा

प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा अध्यक्ष मोहन वल्यानी और संयोजक डॉ. अनिल चौहान के मार्गदर्शन में दो अगस्त को सिविल लाइन स्थित वृन्दावन हाल में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक प्रमुख वक्ता के रूप में अलग-अलग विभागों के प्रमुख अपना अनुभव साझा करेंगे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव और विशेष अतिथि निगम की महापौर मीनल चौबे होंगी।

## मंगल कलश रथ के स्वागत में एक हजार दीपयज्ञ, बांटी गईं 30 हजार किताबें



**रायपुर।** हरिद्वार में होने वाले जन्म शताब्दी महोत्सव से गायत्री परिजनों को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ भ्रमण के लिए आए मंगल कलश रथ ने अब तक प्रदेश के आधे क्षेत्र का भ्रमण कर लिया है। इस दौरान परिजनों ने मंगल कलश के स्वागत में एक हजार से ज्यादा दीपयज्ञ किया। साथ ही 30 हजार से ज्यादा परिवारों तक इस अभियान में श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखे गए साहित्य, अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना पत्रिका, संत संकल्प पाठ, आरती चालीसा मंत्र, लेखन सदवाक्य के स्टीकर भी वितरण किया। गुरुवार को रायपुर में अंतिम दिन मंगल कलश रथ भ्रमण करेगा। इस बीच गायत्री परिजनों ने भी आपसी प्रयास से 25 जगह दीपयज्ञ के साथ मंगल कलश रथ का स्वागत किया। मंगल कलश रथ अभनपुर क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए 1 अगस्त शुक्रवार को रवाना किया जाएगा।

### महानगर के इन क्षेत्र का भ्रमण किया पूरा

रायपुर महानगर में अभी तक कुशालपुर, संतोषी नगर, बोरियाखुर्द, दावड़ा कॉलोनी, खमतराई, राजा तालाब और तेलीबांधा क्षेत्र में जन्म शताब्दी अखंड दीपरथ का भ्रमण लगभग पूरा होने वाला है। बुधवार को खम्हारडीह क्षेत्र में पार्षद निवास के पास में दीपयज्ञ किया गया। मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि बस्तर संभाग के अलावा बलौदा बाजार, महासमुंद, बेमेतरा, दुर्ग और राजनांदगांव जिले में मंगल कलश यात्रा पूरी की गई है।

### शांतिकुंज हरिद्वार से आए रथ की अगवानी

इस संबंध में गायत्री परिवार की छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा और जिला समन्वयक लच्छू निषाद ने बताया कि रायपुर महानगर में आधे से ज्यादा आबादी में मंगल कलश रथ का भ्रमण हो चुका है। शांतिकुंज हरिद्वार में जो अखंड ज्योति जल रही है, उसका भी शताब्दी वर्ष 2026 में मनाया जाएगा। भारत ही नहीं, विश्वभर में मंगल कलश रथ भ्रमण के लिए निकाला गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में अलग-अलग क्षेत्र में मंगल कलश रथ भ्रमण कर रहा है। फिलहाल, रायपुर महानगर में मंगल कलश रथ घर-घर पहुंच रहा है।

## हमर चिन्हारी में रामेश्वर के व्यक्तित्व, कृतित्व की चर्चा

**रायपुर।** हमर चिन्हारी की श्रृंखला में पहला आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में किया गया। साहित्य समिति के प्रथम प्रयास को हर किसी ने सराहा। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा ने उद्बोधन में रामेश्वर शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि रामेश्वर वैष्णव भी इस आयोजन का हिस्सा बने। वक्ता के रूप विजय मिश्रा 'अमित' रंगकर्मी एवं साहित्यकार तथा अशोक नारायण बंजारा शिक्षाविद ने रामेश्वर शर्मा के साहित्यिक सफर से जुड़ी यादों को मंच से साझा किया। साहित्य समिति की संरक्षक ऋचा सिंह इसमें विशेष रूप से उपस्थित थी।



### साहित्यिक सफर के लिए दी बधाई

वक्ताओं ने हमर चिन्हारी में श्री शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि रामेश्वर शर्मा ने साहित्य की सेवा में अपना तन- मन -धन सब कुछ अर्पित कर दिया। ऐसे विलक्षण प्रतिभा के धनी बिरले ही मिलते हैं। इससे पूर्व संस्था की अध्यक्ष मीनारानी दुबे ने स्वागत उद्बोधन में इस पल को अविस्मरणीय बताते हुए शर्मा को यादगार साहित्यिक सफर के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय अमृतांशु एवं डॉ. मीता अग्रवाल और आभार प्रदर्शन मिनेश साहू ने किया।

Education Time
Paaras Institute of Education
प्रवेश प्रारंभ
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त डिस्टेंस & ऑन-लाइन लर्निंग डिप्लोमा कोर्स
विशेषताएं
• डिजिटल क्लासरूम
• अनुभवी शिक्षक
• 100% प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
विभिन्न सरकारी नौकरी के लिए जरूरी है एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
www.paarasinstitute.com
St/Sc/OBC वर्ग के लिए छात्रवृत्ति योजना
• DCA • PGDCA • CCA
• Graphic Designing • Advance Excel • Typing Classes
DCA PGDCA Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar contact no.- 9111348886, 7879008105
Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट अकादमी के लिए जमीन दी राज्य सरकार ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में क्रिकेट के विकास एवं उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को नया रायपुर में उन्नत क्रिकेट अकादमी स्थापित करने हेतु भूमि देने की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन का आभार प्रकट किया है। संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश में क्रिकेट के विकास हेतु हमेशा से छत्तीसगढ़ शासन का सहयोग प्राप्त होते रहा है इसी कड़ी में अकादमी हेतु भूमि प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन का आभार तथा उम्मीद है कि भविष्य में भी क्रिकेट के विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन का सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

### किक बॉक्सिंग पदक विजेता मिले मुख्यमंत्री साय से



**रायपुर।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रायपुर के पदक विजेता खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष छगन मूँदडा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्व्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर के विजेता खिलाड़ियों में रजत पदक विजेता अन्नू देवी कुंवर, दीप्ति साहू तथा कांस्य पदक विजेता संजना कन्नौजिया और हर्षा सेन शामिल थीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव आकाश गुरुदीवान तथा प्रशिक्षक विशाल हियाल भी उपस्थित थे। किक बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

### भारत के शीर्ष जुडो रेफरियों में दूसरा स्थान हासिल किया किरण ने

**भिलाई।** जूडो यूनियन ऑफ एशिया की अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रैंकिंग सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ की किरण शर्मा ने भारत के शीर्ष रेफरियों में दूसरा एवं एशिया में 25 वां स्थान हासिल किया है। जूडो संघ की ओर से अरूण द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह एक बड़ी उपलब्धि है और प्रदेश जुडो संघ ने इस खास मौके पर सुश्री शर्मा को बधाई दी है।



### अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बने परिचय, कोरिया रवाना

**रायपुर।** कुराश खेल के राष्ट्रीय निर्णायक एवं कोच परिचय मिश्रा को पैनल रेफरी के रूप में एशियाई कैडेट कुराश प्रतियोगिता चांगजोऊ साउथ कोरिया के लिए नामांकित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 30 जुलाई से 05 अगस्त तक आयोजित है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए परिचय रवाना हो चुके है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, प्रीति बंछोर, अमित तिवारी, योगेश कटेलिहा, आलोक मिश्रा, संतोष साहू, शरद पंसारी, चंद्रकांत बागड़े, उमप्रसाद राठौड़, अखिलेश यादव, लोकसिंह दीवान, संजीव ध्रुव, गजेंद्र साहू, श्रीधर राव, भूमेश पांडेय, द्रोण ध्रुव, यास्मीन अफरोज, प्रीति जलहरे, तिलोत्तमा वर्मा, प्रिया जायसवाल, प्रतिमा अवस्थी और ओमी तिवारी ने बधाई दी है।



### छत्तीसगढ़ की नेटबॉल टीम का सेंट्रल ज़ोन में शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** गाज़ियाबाद में आयोजित सेंट्रल जोन नेटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि में रायपुर जिले के कुल 6 खिलाड़ियों का चयन राज्य की टीम में हुआ था जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया। शामिल खिलाड़ियों में महिला वर्ग के खिलाड़ी एकता पटेल, दिव्यांशी खोब्रागड़े, नम्रता वर्मा, पुरुष वर्ग के खिलाड़ी सुनील धितलहरे, शीतल नायक, आर्यन साहू और कोच अमन भोई (रायपुर) शामिल हैं। इस उपलब्धि पर रायपुर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष सैयद रज़ा, उपाध्यक्ष गणेश गौसेवक, सचिव अनूप यदु, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंघी, संयुक्त सचिव निधि पांडे, सदस्य शकुंतला पटेल एवं हर्ष दुबे ने शुभकामनाएं दी है।



## मौजूदा भागदौड़ की जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी

# तनाव और अवसाद से पाना चाहते हैं छुटकारा तो दिनचर्या में करें तीन आसान बदलाव, मिलेगा फायदा

तनाव और अवसाद एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। वैसे तो इसको मैनेज करने के कई उपाय हैं, लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय के बारे में बताएंगे जो बहुत सरल हैं और उसे आसानी से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सकता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव लगभग हर व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। काम का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं, रिश्तों की उलझनें और भविष्य की अनिश्चितताएं लगातार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही हैं। तनाव और अवसाद का नकारात्मक प्रभाव न सिर्फ आपके दिमाग पर पड़ता है बल्कि इससे आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है, जैसे नींद की कमी, पाचन संबंधी समस्याएं, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और लगातार थकान।



विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में आप अपनी दिनचर्या में कुछ छोटे और आसान बदलाव करके तनाव और अवसाद से छुटकारा पा सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही तीन ऐसे ही तीन महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और बेहतर जीवन बिता सकते हैं।



### नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि

स्ट्रेस कम करने का पहला आसान बदलाव है नियमित व्यायाम। रोजाना 20-30 मिनट की ब्रिस्क वॉकिंग, योग या स्ट्रेचिंग तनाव को कम करती है। व्यायाम से एंडॉर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। योग में प्राणायाम और मेडिटेशन, जैसे अनुलोम-विलोम, मन को शांत करते हैं। घर पर हल्की एरोबिक्स या डांस भी एंग्जायटी को कम करने में मदद करता है।

### संतुलित आहार और हाइड्रेशन

दूसरा बदलाव है संतुलित आहार अपनाना। ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे मछली, अखरोट और अलसी के बीज, मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। विटामिन बी और मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य, जैसे हरी सब्जियां, केला और बादाम, तनाव को कम करते हैं। चीनी और कैफीन का अधिक सेवन एंग्जायटी को बढ़ा सकता है, इसलिए इनका सेवन सीमित करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पीना डिहाइड्रेशन से बचाता है, जो स्ट्रेस को नियंत्रित करता है।

### माइंडफुलनेस

तीसरा बदलाव है माइंडफुलनेस और अच्छी नींद की लेना। माइंडफुलनेस मेडिटेशन, जैसे 5-10 मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक मानसिक तनाव को कम करती है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टीवी) कम करें, क्योंकि नीली रोशनी नींद को बाधित करती है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद तनाव को कम करती है और मस्तिष्क को रिचार्ज करती है। सोने से पहले गुनगुना पानी पीना या किताब पढ़ना नींद में सुधार करता है।

### जर्नलिंग: भावनाओं को कागज पर लिखें

अपनी भावनाओं और विचारों को किसी डायरी या नोटबुक में लिखना, यानी जर्नलिंग, तनाव और चिंता को कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। जब आप अपने मन की बातों को लिखते हैं, तो वे व्यवस्थित होने लगती हैं और आपको अपनी भावनाओं को समझने में मदद मिलती है। यह नकारात्मक विचारों को दूर करने, समस्याएं सुलझाने में मदद करता है। रोजाना बस 10-15 मिनट लिखने से आप मानसिक रूप से बहुत शांत और हल्का महसूस करेंगे।इसके अलावा दोस्तों और परिवार से बात करना और शौक में समय बिताना भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। यदि स्ट्रेस या एंग्जायटी गंभीर हो, जैसे लगातार चिंता, अनिद्रा या पैनिक अटैक, तो मनोचिकित्सक या काउंसलर से संपर्क करें। नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर मानसिक शांति और खुशहाल जीवन व्यतीत जा सकता है।



## बारिश के मौसम में फ्रिज में होने लगी है नमी, तो तुंरत करें ये उपाय

क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिन फ्रिज में नमी हो जाती है? यह कई कारणों से हो सकता है। चलिए इस लेख में हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जो हम अक्सर करते हैं और फिर फ्रिज नम रहता है।

अगर फ्रिज में नमी दिखे, तो ये काम करें।मानसून में नमी और घर में सीलन की समस्या हर किसी को परेशान करती है। ये नमी न सिर्फ कपड़ों और दीवारों में, बल्कि हमारी किचन और खासतौर पर फ्रिज में भी असर दिखाने लगती है। कई बार देखा गया है कि बारिश के दिनों में फ्रिज खोलते ही उसमें से अजीब-सी गंध आती है, दरवाजों के किनारों पर पानी जमा हो जाता है और सब्जियों में भी नमी की वजह से फफूंद लग जाती है। इसका कारण मौसम में बढ़ी ह्यूमिडिटी और फ्रिज की सही देखभाल न करना है।

### फ्रिज को बार-बार खोलने से बचें

यह तो हम सभी को पता है कि मानसून में वातावरण में नमी ज्यादा होती है। ऐसे में जब आप बार-बार फ्रिज खोलती हैं, तो बाहर की नमी फ्रिज के अंदर बैठने लगती है। इससे अंदर कंडेनसेशन होने लगता है और फ्रिज की दीवारों पर पानी की बूंदें जम जाती हैं। इससे जो भी चीजें आपने फ्रिज में रखी होती हैं, वे जल्दी खराब हो सकती हैं। कोशिश करें कि फ्रिज को बार-बार न खोलें और जो चाहिए वो एक बार में निकाल लें।



### फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरें

कई बार हम फ्रिज को जरूरत से ज्यादा भर देते हैं। सब्जियां, फल और अन्य खाने की चीजों को ठूसा जाता है। ऐसे में उसमें हवा का सर्कुलेशन रुक जाता है और ठंडक ठीक से नहीं फैल पाती। इसके कारण यह होता है कि नमी अंदर ही अंदर जमा होने लगती है, जिससे खाने की चीजें जल्दी सड़ने लगती हैं। मानसून में इसका खास ध्यान देने की जरूरत होती है ताकि फ्रिज में पर्याप्त स्पेस हो ताकि ठंडी हवा समान रूप से फैल सके।

### बेकिंग सोडा रखने से मिलेगा फायदा

बेकिंग सोडा हर चीज के लिए अच्छा है फिर चाहे वो कुकिंग हो या क्लीनिंग हो। मगर क्या आपको पता है यह फ्रिज की नमी को भी सोख सकता है? जी हां, बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक मॉइश्चर अब्जॉर्बर होता है। आप एक खुली कटोरी में थोड़ा बेकिंग सोडा लेकर फ्रिज के अंदर रखें। यह न सिर्फ नमी को सोखेगा, बल्कि बदबू को भी कम करेगा। हर 15 दिन में इस बेकिंग सोडा की कटोरी को बदलते रहें ताकि इसका असर बना रहे।

## चांदी का नाग-नागिन जोड़ा चढ़ाएं शिवलिंग पर, मिलेंगे कई लाभ

सावनके महीने में भक्त शिवलिंग पर चांदी का नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाते हैं। यह परंपरा सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व छिपा है। इसी वजह से यह चीज कई सालों से होती नजर आ रही है। पंडित जन्मेश द्विवेदी बता रहे हैं इसके लाभ-



भगवान शिव के गले में वासुकी नाग का वास होता है। नाग-नागिन शिव की शक्ति और संरक्षण के प्रतीक माने जाते हैं। चांदी पवित्रता, शांति और चंद्रमा से जुड़ी ऊर्जा का प्रतीक है। जब चांदी के नाग-नागिन को शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है, तो यह जीवन में संतुलन बनाने का काम करता है। इसलिए कई सारे लोग चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा शिवलिंग पर चढ़ाते हैं।

### क्या होते हैं शिवलिंग पर चांदी के नाग-नागिन चढ़ाने के धार्मिक लाभ?

कुंडली के कालसर्प दोष है, तो आप नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाकर विशेष पूजा के बाद शिवलिंग पर चढ़ा सकती हैं। इससे आपके जीवन में परिवर्तन आता है। साथ ही, आपको किसी तरह की कोई समस्याएं नहीं होती हैं। संतान प्राप्ति के लिए नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाया जा सकता है।ऐसी मान्यता है कि यह उपाय संतान सुख के लिए भी लाभकारी है। इसलिए आप इस जोड़े को चढ़ा सकते हैं। चांदी का नाग-नागिन जोड़ा शिवलिंग पर चढ़ाने से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुरक्षा बनी रहती है।



## बार-बार पैर सुन्न होना या झुनझुनी आना, हो सकता है खतरे का संकेत

अक्सर कुछ लोगों के पैर में झुनझुनी पड़ने और सुन्न होने की समस्या होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, कुछ मामलों में ये गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं। क्या कभी आपके हाथ, पैर या शरीर का कोई हिस्सा अचानक सुन्न हुआ है, या फिर उसमें झुनझुनी महसूस हुई है? हममें से ज्यादातर लोगों ने कभी न कभी इस अनुभव का सामना किया होगा। अक्सर यह थोड़े समय के लिए होता है, जब किसी नस पर दबाव पड़ता है और शरीर का पोजिशन बदलने पर सब ठीक हो जाता है। सामान्य तौर पर ऐसा तभी होता है, जब आप गलत पोस्चर में बैठे हों।

लेकिन अगर बिना किसी कारण के अचानक पैरों में या शरीर का कोई भी अंग सुन्न हो रहा है या झुनझुनी महसूस हो रही है, तो इसे हल्के में लेना बड़ी गलती हो सकती है। यह किसी गंभीर और खतरनाक बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकता है, जिस पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है। यह लेख आपको इन लक्षणों को समझने और संभावित अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानने में मदद करेगा।



### सुन्न होने और झुनझुनी के प्रमुख कारण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना या किन्हीं कारणों से तंत्रिका पर दबाव पड़ना इसके सामान्य कारण हैं। हालांकि बार-बार होने वाली यह समस्या पेरीफेरल न्यूरोपैथी, डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थायराइड या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज में हाई ब्लड शुगर तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे न्यूरोपैथी होती है।

### लक्षण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के साथ अन्य लक्षण, जैसे जलन, कमजोरी, शरीर के संतुलन में कमी, गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं। डायबिटिक न्यूरोपैथी में यह लक्षण रात में बढ़ सकते हैं। अगर यह समस्या लगातार बनी रहे या चलने-फिरने में परेशानी हो, तो यह तंत्रिका क्षति या रक्त संचार की समस्या का संकेत हो सकता है।

### निदान और जांच की प्रक्रिया

पैरों का बार-बार सुन्न होने की जांच के लिए डॉक्टर मेडिकल हिस्ट्री, शारीरिक परीक्षण और कुछ टेस्ट का सुझाव देते हैं। रक्त जांच से डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी या थायराइड की समस्या का पता लगाया जा सकता है। नर्व कंडक्शन स्टडी और इलेक्ट्रोमायोग्राफी तंत्रिका क्षति की गंभीरता को मापते हैं। एमआरआई या सीटी स्कैन से रीढ़ की हड्डी या तंत्रिका पर दबाव का कारण पता चल सकता है।



### बचाव और उपचार के उपाय

शरीर का कोई भी अंग सुन्न न हो या उसमें झुनझुनी न पड़े इसके लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिसमें संतुलित आहार लें और दिनभर में कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं। विटामिन बी12 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अंडे, दूध और मछली, खाएं। नियमित व्यायाम, जैसे योग और स्ट्रेचिंग, रक्त संचार को बेहतर बनाता है।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन बीबर की बीवी को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास, हैली ने किया खुलासा



जस्टिन बीबर और हैली ने साल 2018 में शादी की थी। 2024 में उनके घर बेटे की किलकारियां गूंजी। अब हैली ने खुलासा किया है कि डिलीवरी के बाद वो दर्दनाक लम्हे से गुजरी थीं। उन्हें बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हुई थी और उनके मन में मौत का विचार भी आया था। देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी।

हैली बीबर ने 'वोग इटालिया' को बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी। तभी जैक ने पूरे 8 पाउंड के वजन के साथ जन्म लिया था।' हैली के लिए ये दर्द यहीं खत्म होने वाला नहीं था। असली डर तो बच्चे के जन्म के बाद शुरू हुआ। जस्टिन की वाइफ ने बताया कि कैसे उन्हें बहुत ज्यादा ब्लीडिंग होने लगी और डॉक्टरों ने भी अलग राय दी थी।

### टॉलीवुड

## विजय देवरकोंडा जासूस बनकर नए मिशन पर निकले, एक्शन और खौफ से भरी है फिल्म




विजय देवरकोंडा की नई फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर एक्शन से भरपूर है। इसमें विजय एक जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। सूर्या नाम का यह जासूस एक मिशन पर जेल जाता है, जहां कहानी बदल जाती है।

विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर एक जासूस की क्रूर दुनिया की झलक दिखाता है। विजय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया है। विजय देवरकोंडा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'हमने अपने दिलों में आग जलाकर #Kingdom बनाया है। आज मैं आपको इसका ट्रेलर दिखा रहा हूं। इसे आप तक भी वैसे ही आने दें जैसे इसने मुझ पर असर डाला है।' ट्रेलर में विजय को सूर्या के रूप में पेश किया गया है, जो एक जासूस है और सीक्रेट मिशन में उलझा हुआ है। फिल्म एक डायस्टोपियन दुनिया में सेट लगती है जहां एक जासूस को अनजान इलाके में घुसपैठ करने का काम सौंपा जाता है, जिससे उसे अपनी हर प्यारी चीज पीछे छोड़नी पड़ती है। हालांकि, जैसे-जैसे वह इस नई दुनिया में आगे बढ़ता है, मिशन एक नया मोड़ लेता है और वह खुद इसमें फंस जाता है। ट्रेलर में सत्यदेव और मनीष चौधरी भी नजर आ रहे हैं। विजय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के संगीत के साथ एक्शन और इमोशनल सीन्स करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर सिर्फ एक्शन के बारे में नहीं है, बल्कि यह लीड रोल की जिंदगी में चल रही उथल-पुथल पर भी बेस्ड है। जर्सी फेम गौतम तिन्ननुरी के डायरेक्शन में बनी और एस नागा वामसी की बनाई यह फिल्म एक जासूसी थ्रिलर बताई जा रही है। इसमें भाग्यश्री बोरसे और सत्यदेव भी लीड रोल में हैं। फिल्म के लिए विजय ने शारीरिक रूप से काफी बदलाव किया है। जूनियर एनटीआर और सूर्या ने टीजर के तेलुगू और तमिल वर्जन को अपनी आवाज दी है। रणबीर कपूर ने हिंदी वर्जन, जिसे 'साम्राज्य' कहा जा रहा है, इसे अपनी आवाज दी है। किंगडम 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

### भोजपुरी

## दिनेश लाल ने खेसारी और पवन के लिए कह दी बड़ी अनोखी बात, फैंस हुए बेचैन



दिनेश लाल यादव (निरहुआ) ने खेसारी लाल यादव और पवन सिंह को ₹सिनेमा में टक्कर देकर दिखाओ₹ कहा है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें गाने बनाने और व्यूज बटोरने से ज्यादा, फिल्मों पर ध्यान देना चाहिए और सिनेमा में एक-दूसरे को टक्कर देनी चाहिए।

निरहुआ ने यह भी कहा कि खेसारी लाल और पवन सिंह अब ₹गायक₹ नहीं रहे, बल्कि ₹हीरो₹ बन गए हैं, और उन्हें अब सिनेमा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 1, 2, 3 नंबर पर तो उनकी ही फिल्में हैं, जैसे ₹निरहुआ हिंदुस्तानी 2₹, ₹निरहुआ रिक्शावाला 2₹, और ₹निरहुआ हिंदुस्तानी 4₹, और उसके बाद ही बाकी लोगों को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाने पर व्यूज का कोई मतलब नहीं है, अब फिल्मों पर कंपटीशन होना चाहिए।

दिनेश लाल ने जवाब में कहा था, 'वो गायक थे, अभी वो गायक नहीं रहे। अब हीरो बन गए हैं, सिनेमा के प्रति उनकी कुछ जिम्मेदारी हैं। उन्हें अब सिनेमा के बारे में सोचना चाहिए, अगर एक यूनिवर्सिटी का लड़का, बार-बार जाकर प्राइमरी का पेपर देगा तो हर बार पास हो जाएगा, 100 में से 100 नंबर लाएगा। यहां पर करके दिखाओ, गाने बनाकर व्यूज बटोरना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन अब सिनेमा के लिए कुछ करके दिखाओ।' 'फिल्में बनाओ और उसपर ज्यादा व्यूज आए तो बात बने ना। सिनेमा में टक्कर करके दिखाओ, इसमें कॉम्पटीशन करके दिखाओ।




दुनिया भर में सांस्कृतिक पहचान अलग मायने रखती है। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान पिछले हफ्ते डिज़ाइनरों ने अपने संग्रहों में पारंपरिक कपड़ों, धार्मिक प्रतीकों और नए स्थायी रुझानों के साथ कदम मिलाकर विभिन्न संस्कृतियों के विचारों को पेश किया। इन्हें फैशनपरस्त पीढ़ी ने खूब पसंद किया।

## दही और नीम का इस्तेमाल कर घर पर बनाएं सस्ता फेस पैक, एक्सपर्ट से जानिए इसे बनाने का तरीका

चेहरे पर पिंपल्स, रैशेज और दाग धब्बे होना एक आम समस्या है, लेकिन यह समस्या चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान होती है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से एक ऐसे होममेड फेस पैक के बारे में जानना चाहिए, जिसे इस्तेमाल कर आप इन सभी समस्याओं को कम कर सकती है।

### चेहरे के लिए नीम और दही

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि अगर आप भी चेहरे पर हो रही परेशानी की वजह से हमेशा उदास रहती है, तो अब आप घर पर एक खास होममेड फेस पैक को ट्राई कर इन समस्याओं को कम कर सकती हैं और चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। हम बात कर रहे हैं, नीम और दही से बने फेसपैक की। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है। इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे -नीम और दही से फेसपैक बनाने के लिए नीम पावडर,दही,विटामिन ई कैप्सूल और गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। सबसे पहले नीम के पत्तों को सुखाकर मिक्सर या ब्लैंडर में पीसकर उसका पाउडर तैयार करें। अब इस पाउडर को एक कटोरी में निकाल लें और इसमें दो बड़े चम्मच दही, विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ा गुलाब जल मिला दे। इस पेस्ट को अच्छी तरह फट लें और थोड़ी देर के लिए रख दे। अब आपका फेस पैक बनकर तैयार है। आप इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से पहले चेहरे को साफ पानी से धो लें और सुखा ले। उसके बाद आप इस पेस्ट को 30 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाकर रखें। थोड़ी देर के बाद आप कच्चा दूध लेकर चेहरे की मसाज कर सकती हैं। ध्यान रहे मसाज करते वक्त आपके चेहरे को रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करनी है।



ऐसा करने से आपको काफी हद तक फायदा देखने को मिल सकता है। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। अगर आपको त्वचा संबंधित कोई परेशानी होती है, तो तुरंत डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरूर लें।

## सावन महीने में ट्राई करें मिरर वर्क सूट के नए डिजाइन, देंगे रॉयल लुक



अगर आप भी इस साल सावन में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो आप इन खूबसूरत मिरर वर्क सूट को ट्राई कर अपने लुक को खास बना सकती हैं। महिलाएं अपने लुक को डिफरेंट बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं। इनमें से कुछ महिलाएं अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए अलग-अलग तरह के आउटफिट भी ट्राई करती हैं। ऐसे में सावन के महीने मने महिलाएं नए नए आउटफिट ट्राई करती हैं। अगर आप भी इस साल सावन में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है।



### ग्रीन मिरर वर्क शरारा सेट

अगर आप इस साल सावन के महीने में अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं या घर पर कोई छोटा-मोटा कार्यक्रम है और आप उस प्रोग्राम में अपने लुक से सभी का दिल जीतना चाहती है, तो अब आपको आउटफिट को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपके लिए यह खूबसूरत ग्रीन मिरर वर्क शरारा सेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती है। इस तरह के आउटफिट को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या ऑनलाइन खरीद सकती है।

### कॉटन मिरर वर्क सलवार कमीज सूट

अगर आप सावन के महीने में कुछ यूनिक और डिफरेंट ट्राई करना चाहती हैं, तो एक जैसे सलवार सूट या गाउन को ट्राई करने के बजाय आप इस तरह का खूबसूरत कॉटन मिरर वर्क सलवार कमीज सूट को भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे सूट इन दिनों बहुत चर्चा में है। यह आपके लुक को एलिगेंट और क्लासी टच देने में बहुत मदद करेंगे। इसे आप टेलर की मदद से बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती है।

### मिरर वर्क लाइट पिंक गाउन

अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करने के लिए और सावन के महीने में रुद्राभिषेक के दौरान अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए आप इस तरह के खूबसूरत मिरर वर्क लाइट पिंक गाउन को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे सूट आपको मॉडर्न और एलिगेंट टच देने में बहुत मदद करेंगे।

## नेकलेस की जगह स्टाइल करें चेन पेंडेंट सेट, देखें डिजाइंस



आउटफिट स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब इसके साथ ज्वेलरी पहनने की बात आती है, तो ऐसे में अलग-अलग तरह के नेकलेस सेट डिजाइन को सर्च करते हैं। इसकी वजह से कई बार ये नेकलाइन के हिसाब से अच्छे लगते हैं, तो कई बार इनका डिजाइन ही लुक को क्रिएटिव बनाता है। इस बार आप ड्रेस के साथ पहनने के लिए चेन पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे।

### हार्ट डिजाइन वाला पेंडेट सेट

आप आउटफिट के साथ पहनने के लिए आप हार्ट डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इनके साथ स्टड इयररिंग्स भी मिल जाते हैं। जिसे वियर करे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। इसे आप आसपास की लोकल मार्केट से भी जाकर खरीद सकती हैं। यह आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएगा।

### फिश डिजाइन वाला पेंडेट सेट

स्टाइलिश लुक के लिए आप फिश डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सेट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको चेन के साथ पेंडेट में फिश और लोटस फ्लावर का डिजाइन मिलेगा। इसमें स्टड इयररिंग्स भी आपको सेम डिजाइन के मिलेंगे। इसे पहनकर आपका लुक काफी अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आप काफी सुंदर दिखाई देंगी। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 100 से 300 रुपये में मिल जाएंगे।

### क्रिस्टल डिजाइन वाला पेंडेट सेट

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए क्रिस्टल डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के पेंडेट सेट आप किसी भी स्टाइलिश आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसे पहनकर आपका लुक काफी अच्छा और खूबसूरत नजर आएगा। साथ ही, आपके लुक में चार चांद लगा देगा। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएंगे।

इस बार आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए इन पेंडेट सेट को स्टाइल करें। इससे लुक काफी सुंदर नजर आएगा। साथ ही, आप अच्छी लगेंगी।

## झड़ते और टूटते बालों के लिए रामबाण है प्याज का तेल

झड़ते और टूटते बालों को कम करना है, तो इसके लिए प्याज के तेल का इस्तेमाल करें। प्याज के तेल बालों के लिए अच्छे होते होता है। इसलिए आपको इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

### प्याज के तेल लगाने के फायदे


प्याज के तेल में सल्फर, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण बालों को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ बढ़ाने में बेहद फायदेमंद होते हैं। साथ ही, बालों के स्कैल्प को हेल्दी रखने में मदद करता है। इसलिए आप इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे बनाना भी काफी आसान होता है। साथ ही, इसे स्टोर करके भी ज्यादा समय के लिए किया जा सकता है।

### प्याज के तेल को बनाने का तरीका

इसके लिए आपको प्याज को कद्दूकस करके रखना है। इसके बाद इसे प्याज को पैन में तेल के साथ धीमी आंच में पकाना है। इसे तबतक पकाना है, जबतक ये ब्राउन न हो जाए और इसमें खुशबू न आए। इसके बाद इसे छानकर एक बोतल में डाल लें।

### प्याज का तेल कैसे लगाएं?

तेल को थोड़ा गर्म कर लें। उंगलियों की मदद से स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें। बालों की लंबाई पर भी तेल लगाएं। कम से कम 1 घंटे या पूरी रात छोड़ दें। माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें। इसका इस्तेमाल 2 बार इसका इस्तेमाल करें।



प्याज की गंध हटाने के लिए शैंपू के बाद बालों में सीरम का इस्तेमाल करें। यह असरदार और नैचुरल तरीका है बालों की देखभाल का। अगर आप झड़ते और टूटते बालों से परेशान हैं, तो इसे आजमाएं और फर्क खुद देखें। आप इसे बनाकर स्टोर कर सकते हैं। साथ ही, आपके बालों में इसके इस्तेमाल किसी तरह की कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। बस आपको एक्सपर्ट राय जरूर लेनी है, ताकि आपके बालों कमें कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

कार्नर न्यूज

### भीड़ में अलग दिखने स्टाइल चुनें सावधानी से

## त्यौहार पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इन गलतियों से रहें दूर, वरना तारीफ से होंगी वंचित

यदि त्योहारों के सीजन में आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो तैयार होते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य ही रखें। हर महिला और लड़की के लिए त्योहारों का सीजन काफी खास होता है। ये मौका होता है सजने और संवरने का, जिसमें महिलाएं खूब अच्छे से तैयार होती हैं, अपने लिए नये-नये कपड़े खरीदती हैं, नया मेकअप और ज्वेलरी खरीदती हैं।

जल्दबाजी के चक्कर में या फिर बिना सोचे-समझे कई महिलाएं त्योहारों में तैयार होते समय कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिनकी वजह से उनका लुक अच्छा दिखने की वजह खराब हो जाता है। ये गलतियां जाने-अनजाने में होती हैं। इसलिए आज हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। यहां हम कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके लुक को बिगाड़ सकती हैं।

### मौके के हिसाब से कपड़े

कई बार हम बिना सोचे-समझे कुछ ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं, जिनकी शायद हमें जरूरत भी नहीं है। ऐसे कपड़ों को कहीं भी न पहनें। खासतौर पर जब बात त्योहारों की हो रही है तो ध्यान रखें कि ये कपड़े ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए। त्योहारों में पूजा-पाठ भी होती है, ऐसे में ज्यादा भारी कपड़े पहनकर आपको शायद बैठने में दिक्कत हो सकती है।



### गलत एक्सेसरीज और मेकअप का चयन

लुक कैरी करते समय एक्सेसरीज का चयन हमेशा अपने आउटफिट और मौके के हिसाब से करें। हर आउटफिट के साथ और हर जगह ज्यादा हैवी एक्सेसरीज अच्छी नहीं लगती हैं। अगर आउटफिट हैवी है, तो गहने हल्के रखें और मेकअप भी सिंपल ही रखें। वरना आपके गहने और मेकअप आपके आउटफिट को फीका ना देगा।

### मौसम के हिसाब से तैयार न होना

यदि आप मौसम के हिसाब से तैयार होंगी तो हर कोई आपकी तारीफ करेगा। जैसे कि गर्मियों में सिल्क या भारी फैब्रिक पहनना और सर्दियों में हल्के कपड़े पहनना ना सिर्फ असहज करता है, बल्कि लुक भी बिगाड़ देता है। इसलिए अभी आज के मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े का चयन करें। सर्दी के मौसम में मोटे फैब्रिक का चयन कर सकते हैं।

### सही फिटिंग को नजरअंदाज करना

आपका आउटफिट हमेशा सही फिटिंग का होना चाहिए। गलत फिटिंग से आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। इसके लिए आपको कपड़े तैयार करने से पहले ट्रायल अवश्य लेना चाहिए। खासतौर पर अगर आउटफिट त्योहार के लिए तैयार करा रहे हैं तो एक बार पहले ट्रायल अवश्य लें, ताकि आपके कपड़े की फिटिंग परफेक्ट रहे।

### सही हेयर स्टाइल न होना

इस बात को खासतौर पर ध्यान में रखें। ये जानना बेहद जरूरी है कि हर आउटफिट के साथ खुले बाल या जूड़ा अच्छा नहीं लगता है। समय-समय पर आउटफिट के हिसाब से अपना हेयर स्टाइल बदलें। आपका हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ाने का काम करता है।

